कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 368, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 03 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

'अडानी मामला': संसद में विपक्ष का संग्राम

लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर सदन में हंगामा, खड़गे बोले- हर बार हमारे नोटिस रिजेक्ट कर दिए जाते हैं

नई दिल्ली: लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। कार्यवाही के दौरान विपक्षी सांसदों ने अडानी ग्रुप को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। वहीं, सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं उसे सदन में उठाना है इसलिए हमने एक नोटिस दिया था। हम इस नोटिस पर चर्चा चाहते थे लेकिन जब भी हम नोटिस देते हैं तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है।

13 विपक्षी पार्टियों ने कहा- हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर संसद में चर्चा हो: अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर कांग्रेस, टीएमसी, आप, एसपी, डीएमके जनता दल और लेफ्ट समेत 13 विपक्षी पार्टियों ने मीटिंग की। यह बैठक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चेंबर में हुई। इनमें से 9 पार्टियों ने राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोगों की मेहनत का पैसा बर्बाद हो रहा है। लोगों का विश्वास बैंक और एलआईसी से उठ जाएगा। कुछ कंपनियों के शेयर लगातार गिरते जा रहे हैं।

सत्र के तीसरे दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा: सत्र के तीसरे दिन दोनों ही सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। लोकसभा में अभिभाषण पर चर्चा के साथ ही कई प्रतिवेदन भी पेश किए जाने हैं और मंत्रालयों से संबंधित प्रश्न भी एजेंडे में

शामिल हैं। एक दिन पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सदन में आम बजट पेश किया। लोकसभा में बजट पेश किए जाने के बाद वित्त विधेयक 2023 भी पेश किया गया। बाद में केंद्रीय बजट को राज्यसभा के पटल पर रखा गया। बता दें सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को **राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू हुई।**

पीएम मोदी की बैठक, सरकार की रणनीति पर की चर्चा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में सरकार की रणनीति पर कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा अनुराग ठाकुर, निर्मला सीतारमण, प्रल्हाद जोशी, पीयूष गोयल, नितिन गडकरी।

अडानी ग्रुप के खिलाफ संजय सिंह ने खोला मोर्चा

नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने अडानी समूह के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अडानी के खिलाफ मोचार्बंदी शुरू कर दी है। उन्होंने अडानी समूह द्वारा किए गए धोखाधड़ी और इससे सरकार एवं देश की जनता को होने वाली आर्थिक क्षति के मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने हेतु नियम 267 के तहत गुरुवार को नोटिस दिया। उनका कहना है कि अडानी समूह के वित्तीय अनियमितता और धोखाधड़ी के चलते एलआईसी। एसबीआई

आप ने शराब घोटाले का पैसा गोवा चुनाव में लगाया: ईडी

ईडी का चार्जशीट में दावा, केजरीवाल बोले-आरोप पूरी तरह काल्पनिक

नई दिल्ली: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दिल्ली शराब घोटाला मामले में नया दावा किया है। ईडी ने कहा कि आप ने दिल्ली शराब घोटाले के पैसों का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया। शराब घोटाले में कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में ईडी ने आरोप लगाया कि दिल्ली शराब घोटाले के एक आरोपी विजय नायर ने शराब कंपनी इंडोस्पिरिट्स के एमडी समीर महेंद्रू की दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से बात कराई थी। यह बातचीत विजय के फोन से किए गए फेसटाइम वीडियो कॉल से की गई थी। ईडी केजरीवाल ने ईडी के आरोपों को पूरी तरह काल्पनिक बताया है।

ईडी ने चार्जशीट में दावा किया कि केजरीवाल ने समीर महेंद्रू से कहा 'विजय मेरा लड़का है, आपको उस पर भरोसा करना चाहिए और उसके साथ काम करना चाहिए।' ईडी के अनुसार शराब घोटाले की अब तक की जांच से पता चला है कि इस फंड का कुछ हिस्सा आप ने गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार में भी इस्तेमाल किया था। गोवा विधानसभा चुनाव 2022 में हुए थे जिसमें आप ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी।

70 लाख रुपए का नकद भुगतान: ईडी के दावे के मुताबिक, आप के सर्वे दल में शामिल वालेंटियर्स को करीब 70 लाख रुपए का नकद भुगतान किया गया। जांच एजेंसी ने कहा कि आप के कम्यूनिकेशन इंचार्ज विजय नायर ने कैंपेन से जुड़े कुछ लोगों को कैश पेमेंट लेने को कहा था।

यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने पर फैसला नहीं: रिजिजू

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने अभी तक देश में समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने पर कोई फैसला नहीं लिया है। यह जानकारी कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा में दी। उन्होंने बताया- सरकार ने 21वें लॉ कमीशन को समान नागरिक संहिता को लेकर उठे सवालों की जांच का जिम्मा सौंपा था। सरकार ने कमीशन को जांच के बाद अपनी सिफारिशें सौंपने को भी कहा था। 21वें कमीशन का कार्यकाल 31 अगस्त

2018 को खत्म हो गया था। अब उनसे मिली सूचनाएं 22वें कमीशन को सौंपी जा सकती हैं।

यूसीसी के फायदे: यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने से सभी समुदाय के लोगों को एक समान अधिकार दिए जाएंगे। समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा।

विपक्ष संसद में आर्थिक मुद्दों पर चर्चा चाहती है खड़गे

नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष संसद में आर्थिक मुद्दों पर चर्चा चाहती है। लेकिन केन्द्र सरकार इस विषय पर संवाद करना नहीं चाहती। खड़गे ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं, उसपर सदन में चर्चा हो। इसी संदर्भ में आगे खड़गे ने कहा कि उन्होंने इन विषयों पर संसद में चर्चा के लिए नोटिस दिया

था, लेकिन उनके नोटिस को खारिज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार एलआईसी सहित दूसरे संस्थाओं को बर्बाद कर देश का पैसा चंद उद्योगपतियों को सौंप रही है। यह देश हित में नहीं है। सरकार को इन मुद्दों पर जवाब देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि आज खड़गे ने विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक की है।

उप्र सरकार मत्स्य पालकों को देगी चालीस प्रतिशत अनुदान

कानपुर। योगी सरकार सूबे के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए मत्स्य पालन के क्षेत्र में रोजगार सृजित करने के लिए मत्स्य पालकों को प्रथम वर्ष निवेश एवं बीज बैंक की स्थापित करने के लिए चार लाख प्रति हेक्टेयर की दर से 40 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था की है। कानपुर नगर के मत्स्य पालक योजना का लाभ लेने के लिए फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उप्र मत्स्य पालन विभाग कानपुर के सहायक निदेशक एन.के.अग्रवाल।

बीबीसी के कामकाज पर रोक लगाने की मांग

नई दिल्ली: भारत में बीबीसी के कामकाज पर रोक लगाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। हिंदू सेना की ओर से विष्णु गुप्ता और बीरेंद्र कुमार सिंह ने याचिका दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि कोर्ट बीबीसी की कथित तौर पर "राष्ट्र विरोधी, सरकार विरोधी गतिविधियों" की एनआईए जांच का आदेश दे और रिपोर्ट तलब करे। याचिका में कहा गया है कि बीबीसी अपना एजेंडा चला रही है। बीबीसी भारत में व्याप्त शांति और राष्ट्रीय अखंडता को बाधित करने की कोशिश कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद से भारत के समग्र विकास में तेजी आई है। नरेन्द्र मोदी, भारत विरोधी लॉबी एवं मीडिया खासकर बीबीसी को हजम नहीं हो रहे हैं। यही वजह है कि बीबीसी भारत और भारत सरकार के खिलाफ पक्षपाती रहा है। दरअसल, 2002 के गोधरा दंगों को लेकर नरेन्द्र मोदी पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है।

केन्द्र नहीं दे रहा ओपीएस का पैसा: गहलोत

जयपुर: मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में साफ कर दिया कि केंद्र सरकार को कर्मचारियों के लिए ओपीएस यानी ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करनी पड़ेगी। केन्द्र हमारा पैसा नहीं दे रहा है। यदि नहीं दिया तो मैं छोड़ने वाला भी नहीं हूं। इस मुद्दे पर हम सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। विधानसभा में गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जवाब पेश किया। राज्यपाल के अभिभाषण के जवाब में सीएम अशोक गहलोत ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधते हुए चुन-चुनकर आरोपों के जवाब दिए। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम दौसा आ रहे हैं। यह सुन रहे हैं। यह अच्छा मौका है। हम उन्हें ईआरसीपी का मुद्दा याद दिलाएं या हम सब मिलकर दिल्ली चलें। पीएम चाय पिलाएं तो ठीक, इतनी तो पीएम की याददाश्त है कि उनका किया हुआ वादा उन्हें याद आ जाएगा। नहीं तो, हम साथ में उनके भाषण की रिकॉर्डिंग ले जाएंगे।

ईआरसीपी बहुत अहम परियोजना है। इस पर हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए। सभी सांसद ईआरसीपी के लिए दौसा जाएं। यदि वे चाहे तो हम भी चल सकते हैं। ईआरसीपी बन गई तो 13 जिलों का फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान ने इतिहास बनाया है। मोदीजी को दो बातों के लिए आगे आना चाहिए। पूरे देश में सोशल सिक्योरिटी का कानून बनाना चाहिए। बुजुर्गों को पेंशन के लिए कानून बनाइए। मोदीजी ऐसे कानून बनाइए। जिंदा रहने के लिए मिनिमम तो मिले यह हमें करने की जरूरत है। यूनिवर्सल हेल्थकेयर हमारा सपना है। 'चिरंजीवी' योजना में केवल आईपीडी (इनडोर पेशेंट) में 31 लाख लाभार्थी हो चुके हैं।

बुलंदशहर के 55 गांव यमुना प्राधिकरण में शामिल

नोएडा। ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर तक विस्तार करने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में बुलंदशहर जिले के 55 गांवों को शामिल कर दिया गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। इससे ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी का रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार ने बुलंदशहर- खुर्जा विकास प्राधिकरण के 55 गांवों को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में जोड़ने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह सभी गांव दिल्ली कोलकाता रेल लाइन के दक्षिण में बसे हैं। इन गांवों का यीडा में शामिल होने से ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना आसान हो जाएगा। यीडा इन 55 गांवों के इलाके में ईस्टर्न और वेस्टर्न रेलवे फ्रेट कॉरिडोर व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए कार्गो-लॉजिस्टिक्स हब बनाएगी। इसके लिए रेलवे फ्रेट कॉरिडोर से कनेक्टिविटी होना भी आसान हो गया है।

रिजर्व बैंक ने बैंकों से अडाणी समूह के कर्ज और निवेश का मांगा ब्योरा

नई दिल्ली: रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने देश के बैंकों से अडाणी समूह में उनके संपर्क की जानकारी मांगी है। आरबीआई ने घरेलू बैंकों से अडाणी समूह में उनके निवेश और कर्ज के बारे में जानकारी देने को कहा है। रिजर्व बैंक ने अडाणी समूह के शेयरों में जारी उतार-चढ़ाव के बाद यह कदम उठाया है। बैंकिंग क्षेत्र के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आरबीआई ने घरेलू बैंकों से अडाणी समूह में उनके निवेश और कर्ज के बारे में जानकारी मांगी है। हालांकि, देर रात अडाणी एंटरप्राइजेज ने पूर्ण अभिदान मिलने

के बावजूद अपने 20 हजार करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को वापस लेने और निवेशकों का पैसा लौटाने की घोषणा की थी। गौतम अडाणी ने एक बयान में कहा कि बाजार में जारी उतार-चढ़ाव को देखते यह समूह के निदेशक मंडल ने एफपीओ वापस लेने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में अमेरिकी रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से 90 अरब डॉलर से ज्यादा की गिरावट आई है। इसके बाद समूह ने अडाणी एंटरप्राइजेज के 20 हजार करोड़ रुपये के एफपीओ को वापस लेने का फैसला किया है। बीएसई पर कंपनी का शेयर 19.24 फीसदी की गिरावट के साथ 1,724.50 रुपये और एनएसई पर कंपनी का शेयर 18.93 फीसदी लुढ़कर 1,731.15 रुपये पर कारोबार कर रहा है।

देव शिला पूजन में अयोध्या और जनकपुर के त्रेता युग के संबंधों को किया गया याद

6 करोड़ साल पुरानी शालिग्राम शिलाओं का अयोध्या में पूजन

अयोध्या: नेपाल से अयोध्या पहुंचीं दो देव शिलाओं के पूजन के दौरान अयोध्या और जनकपुर के बीच त्रेता युग के संबंधों को याद किया गया। इस दौरान दूल्हा-दुल्हन सरकार और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान हो गया।

दोनों शिलाएं बुधवार देर रात अयोध्या पहुंची थीं। गुरुवार सुबह 10 बजे 51 आचार्यों ने विधि-विधान से दोनों शिलाओं का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान अयोध्या और जनकपुर के त्रेता युग के संबंधों को याद किया गया। शिलाओं का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में साधु-संत एवं अयोध्यावासी एकत्र हुए। नेपाल से रामलला

की मूर्ति के लिए आई शिला शिरोधार्य करने की होड़ मची रही। कोई उसके आगे नतमस्तक हो रहा था, कोई उस पर टीका लगा रहा था, तो कोई शिलाओं के साथ सेल्फी भी ले रहा था। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। नेपाल से अयोध्या पहुंचीं दोनों शिलाएं गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दी गयीं। नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि ने बताया कि पहले वह जनकपुर से जुड़ी श्रीराम की विरासत के अनुरूप रामलला के लिए धनुष भेंट करना चाहते थे, किंतु राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ दो वर्ष तक चली वार्ता के बाद तय हुआ कि नेपाल की काली गंडकी नदी से रामलला की मूर्ति के लिए पवित्र शिला अर्पित की जाए। ऐसा कर हमें अपार हर्ष हो रहा है।

टेरर फंडिंग: आरोपित नईम अहमद की जमानत याचिका पर एनआईए को नोटिस

नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने टेरर फंडिंग के मामले में आरोपित अलगाववादी नेता नईम अहमद खान की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए एनआईए को नोटिस जारी किया है। जुलाई 2017 में नईम अहमद खान को कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वो तब से जेल में बंद है। 27 जनवरी को पटियाला हाउस कोर्ट ने नईम और उसके सहयोगियों के श्रीनगर स्थित राजबाग के ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस के दफ्तर को सील का का आदेश दिया था। एनआईए का आरोप है कि इस दफ्तर का इस्तेमाल सुरक्षाकर्मियों पर पथराव के लिए फंड जुटाने, कश्मीर में अशांति फैलाने और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए बेरोजगार युवाओं को भड़काने में किया जाता था। एनआईए ने टेरर फंडिंग के मामले में नईम अहमद खान के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया है। नईम खान को एनआईए ने 24 जुलाई 2017 को गिरफ्तार किया था। वो 14 अगस्त 2017 से न्यायिक हिरासत में है। एक गोपनीय सूचना मिलने पर गृह मंत्रालय की शिकायत पर एनआईए ने एफआईआर दर्ज की थी। ये सूचना मिली थी कि लश्कर-ए-तोयबा प्रमुख हाफिज मोहम्मद सईद और दूसरे अलगाववादी मिलकर कश्मीर में अशांति फैलाने के मकसद से हवाला के जरिये धन एकत्र कर रहे हैं। एनआईए के मुताबिक कश्मीर घाटी में सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी करने, स्कूलों को जलाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर अशांति फैलाने की साजिश रची जा रही थी।

खबर संक्षेप

अज्ञात युवक ने किशोरी का किया अपहरण, मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। एक किशोरी को अज्ञात यूवक बहला फुसला कर भगा कर ले गया।किशोरी के पिता ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात युवक बहला फुसला कर अपहरण कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

विद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की हुई चोरी

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरादयाराम स्थित संविलियन विद्यालय का ताला तोड़कर कर चोरों ने विद्यालय के अन्दर रखा कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एंव अन्य सामान चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापक पंकज यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

एसडीएम के औचक निरीक्षण से सरकारी दफ्तरों में हड़कंप

अखंड भारत संदेश

करछना। गुरुवार को एसडीएम करछना गणेश कनौजिया तहसील मुख्यालय स्थित आधा दर्जन सरकारी कार्यालयों दफ्तरों का किया औचक निरीक्षण तथा अनुपस्थित रहने वाले विभागीय कर्मियों को कड़ा निर्देश देते हुए चेतावनी दी उप जिलाधिकारी करछना गुरुवार को सुबह 10: बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना का औचक निरीक्षण किया तथा वहां अनुपस्थित डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों व पीड़ितों का हालचाल जाना और उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा निर्देश दिए उसके पश्चात मुख्यालय स्थित विकासखंड करछना कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया जहां पर उपस्थित कर्मचारियों से समय से उपस्थित और कार्यों का समय से निस्तारण किए जाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया तत्पश्चात जल निगम शाखा करछना एवं वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय, राजकीय कृषि बीज भंडार एवं साधन सहकारी समिति करछना का भी निरीक्षण किया तथा जहां भी अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चेतावनी दी कि वे समय से कार्यालय पहुंचकर कार्यों का निष्पादन करें तथा निर्देश देते हुए उपस्थित कार्यालयों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय से कार्यालयों में न पहुंचने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

पुलिस ने शातिर अभियुक्त को देशी बम के साथ किया गिरफ्तार

नैनी। नैनी पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से बरामद किया नाजायज देशी बम बरामद किया है। पुलिस एसीपी करछना के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नैनी बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस ने आज मुखबिर की खास सूचना पर दुबे तालाब के पास थाना क्षेत्र नैनी से 05 अवैध बमो के साथ एक शातिर युवक को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार हुआ युवक नीरज हरिजन उर्फ राजा पुत्र राधे हरिजन उम्र 22 वर्ष भीम नगर चकदाउद नगर थाना नैनी जनपद प्रयागराज का निवासी है पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार युवक शातिर किस्म का है उसके विरुद्ध पहले गैगेस्टर समेत अलग अलग अपराध मुकदमे में करीब आधा दर्जन मुकदमे में दर्ज है।बरामदगी के आधार पर उसके विरुद्ध एक और विस्फोटक पदार्थ अधि0 पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्यवाही को पूरा किया।

विवादित बयान पर स्वामी प्रसाद मौर्य का किया गया पुतला दहन

स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ पुलिस को ज्ञापन सौंपते नवयुवक ब्राह्मण समाज के लोग।

अखंड भारत संदेश

सहसों। नवयुवक ब्राहमण समाज द्वारा केंद्रीय कार्यालय गारापुर के सामने बुधवार को श्रीरामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी गलत बयान बाजी के बाद रोष व्यक्त करते हुए संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला बनाकर उस पर चप्पल एवं जूते का माला पहनाया तत्पश्चात धर्म द्रोही, सनातन द्रोही एवं मुदार्बाद का नारा लगाते पुतले का दहन किया गया। इसके साथ ही संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष लवकेश मिश्रा के नेतृत्व में संगठन के लोगों ने थाना थरवई जाकर इंस्पेक्टर लोकेंद्र त्रिपाठी को एक लिखित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए अध्यक्ष लवकेश मिश्रा ने इंस्पेक्टर लोकेंद्र त्रिपाठी से स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आग्रह करते हुए कहा लखनऊ के हजरतगंज में जो मुकदमा दर्ज है उसी में इसको को भी सम्मिलित किया जाए। जिस पर इंस्पेक्टर द्वारा मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विजय तिवारी, भुवनेश शुक्ला, अनुराग शुक्ला, शिवम नंदन त्रिपाठी, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, अमन कुमार मिश्रा, अनुराग मिश्रा, पंकज शुक्ला, कृष्ण देव दूबे, आलोक शुक्ला, प्रमोद शुक्ला सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फूलपुर में आशाओं ने लगाया सरकार पर उत्पीड़न करने का आरोप

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की एक बैठक गुरुवार को फूलपुर ब्लाक में संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए ऐक्टू के प्रदेश सचिव अनिल वर्मा ने कहा कि प्रदेश भर में आशा व आशा संगिनी का मानदेय महीनों लंबित रहता है। नतीजतन अल्प प्रोत्साहन राशि में भी दिन रात काम करने वाली आशा व आशा संगिनी भुखमरी की शिकार होती हैं। सरकार पर आशाओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार आशा वर्कर की समस्याओं का निराकरण न कर सिर्फ जुमलेबाजी करती है। संचालन करते हुए एक्टू के जिला संयोजक देवानंद ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली सरकार आशा वर्करों का जमकर शोषण कर रही है। आंदोलन की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार अगर न्यूनतम वेतनमान के साथ ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराती है तो 1 मार्च से वृहद आंदोलन शुरू होगा। इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के राज्य सचिव सुनील मौर्य व इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ के अध्यक्ष जय प्रकाश ने भी बैठक को संबोधित किया। इस दौरान 27 सदस्यीय कमेटी का भी गठन हुआ। जिसमें बसंती मौर्य को अध्यक्ष, मीरा उपाध्यक्ष ,मंजू देवी सचिव, पुष्पा यादव उप सचिव तथा अर्चना मौर्य को कोषाध्यक्ष चुना गया।

अंधेर गर्दी धान का पैसा मांगने पर किसान को मिली जान से मारने की धमकी

कोराव। क्षेत्र के एक किसान को धान विक्रय किए जाने के बाद अपनी कीमत मांगने पर व्यापारी द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। ज्ञात हो कि राजापुर गांव के सुरेश शुक्ल के यहां से चौधरी केसरी निवासी रामगढ 2 महीने पूर्व 192198 की धान खरीद कर ले गया। और एक महीने बाद 31 जनवरी को पूरा पैसा देने का वादा किया,और वादा पूरा होने पर किसान पैसे के लिए व्यापारी के यहां चक्कर काटना शुरू कर दिया । बता दें कि कई बार रकम मांगने के लिए व्यापारी के घर जाने के बाद किसी तरह तो 6500 हजार एक बार दिया,किंतु कुछ दिन और चक्कर लगाने पर रू 50000 पचास हजार दिए । लेकिन पूरा पैसा नहीं दिया किंतु किसान लगातार पैसा मांगने व्यापारी के घर जा रहा था । लेकिन व्यापारी धान क्रेता राम बाबू केशरी एवं चौधरी केशरी ने कहा कि 2 फरवरी को आप का पूरा पैसा देगें । जब 2 फरवरी को किसान सुरेश शुक्ला ने उक्त व्यापारी के यहां पैसा मांगने गया तो व्यापारी ने पैसा नहीं दिया,जब सुरेश ने कहा कि आपने 2 फरवरी को पूरा पैसा देने के लिए बोले थे तो व्यापारी ने कहा कि व्यापारी कभी अपने वादे पूरा नहीं करता। यह आपका भ्रम है। किसान के मुताबिक व्यापारी ने कहा कि हमें कुछ दिन का और समय चाहिए तब पैसा देंगे। जब मैं अपनी समस्या बताते हुए पैसा देने का दबाव डाला तो रामबाबू केसरी ने कहा कि मैंने आपका कर्ज नहीं खाया है कि आप रोज रोज पैसा मांगने चले आते हैं । हमारे पास जब पैसा होगा तब देंगे। मैं अपनी लड़की की शादी कर रहा हूं परेशान हूं । जिससे दोनों पक्ष में तू तू मैं मैं सुरु हो गया । पैसे के मद में पागल रामबाबू केसरी और चौधरी केसरी एवं पंकज केसरी झगड़ा कर अनाप शनाप बकते हुए बोले कि मैं एक रुपए नहीं दूगा । आप की औकात नहीं है । कि हमसे एक भी रुपए लेलो। पैसे के मद में पागल व्यापारी बोले कि यदि मेरे यहां दुबारा पैसा मागनें आओगे तो जान से हाथ धो बैठोगे । ऐसी धमकी देना उपरोक्त व्यापारी के लिए आम बात हो गई है । इससे पहले भी और लोगों को ऐसी धमकी दे चुके हैं । जिससे किसान सुरेश शुक्ल डरा सहमा है । किसान सुरेश ने प्रशासन से फसे अवशेष पैसे रू 135698=00 दिलवाने एवम अपनी जान की सुरक्षा और घन में पागल व्यापारी के ऊपर अंकुश लगाने की मांग की है।

चरित्र पर शक के चलते पत्नी की चाकू से गोदकर की हत्या

पति मक्खन ने पत्नी सुमन को मारने के बाद खुद पर भी किया जान लेवा वार, हत्या के समय घर पर मौजूद नहीं थे बच्चे, बेटे की रिपोर्ट पर पुलिस ने दर्ज किया केस

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। घूरपुर थाना क्षेत्र के नीबी गांव में बुधवार की रात चाकू के प्रहार से हुई महिला की मौत और घायल पति मामले का मुख्य कारण पति और पत्नी के बीच किसी व्यक्ति द्वारा पत्नी से नजदीकी होने की बात सामने आई है। हालांकि दंपति के पुत्र ने घूरपुर पुलिस को पिता के खिलाफ ही मां की हत्या करने और उसके बाद खुद अपने ऊपर वार करने की शिकायत की है । जिस पर पिता ने घायल पिता के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस अन्य बिंदुओं पर जांच भी जांच कर रही है। घूरपुर थाना क्षेत्र के नीबी गांव निवासी मक्खन भारतीय (46) अपनी पत्नी के साथ पड़ोसी गांव के बाहर स्थित एक बैर की बाग को लेकर उसकी रखवाली किया करते थे। बताया गया कि इस बाग की रखवाली के समय से ही मक्खन अपनी पत्नी पर शक करने लगा था। जिसके चलते दोनो के बीच आये दिन मारपीट व झगड़ा हुआ करता था। इन्ही सब के चलते ही मक्खन अपनी पत्नी सुमन को बाग की रखवाली से मना करते हुए घर में रहने को भेज दिया था । बुधवार की रात घर मे बच्चे नहीं थे ,इसी बीच दोनो के बीच विवाद शुरू हुआ और आवेश में आकर मक्खन ने चाकू से कई वार करके पत्नी को मार डाला उसके बाद अपने ऊपर जान लेवा प्रहार कर लिया। घटना की सूचना बेटा शिवम व विवेक को हुई तो ग्रामीणों की मदद से एसआरएन पहुंचाया । घटना की सूचना घूरपुर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार को हुई तो मौके पर पहुंचे और मामले की गहनता से जांच की । फिलहाल बुरी तरह से घायल मक्खन की हालत अस्पताल में अभी स्थिर बनी हुई है। बेटे की तहरीर पर पिता मक्खन द्वारा माता सुमन की हत्या और उसके बाद अपने ऊपर वार किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने हत्या सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया है। मक्खन अपनी पत्नी के चरित्र पर शक किया करता था जिसके चलते आये दिन विवाद हुआ करता था । शक के चलते ही घटना घटित हुई है । बाकी अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है।

अश्वनी कुमार
थाना प्रभारी घूरपुर।

कर्मचारी आवास में शार्ट शर्किट से लगी आग से सामान जलकर खाक

जसरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा के कर्मचारियों के रहने के लिए बने पुराने आवास में शार्ट सर्किट से आग लगने से आवास में रखा एक कर्मचारी का सारा सामान जलकर राख हो गया है। आवास में जिस समय आग लगी घर का कोई भी सदस्य मौके पर नहीं रहा। आस पास के लोगों ने घर का ताला तोड़कर किसी तरह आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक घर का सामान जल चुका था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में अर्श काउंसलर के पद पर नियुक्त अशोक कुमार मिश्र सीएचसी के कर्मचारी आवास में परिवार सहित रहता है। गुरुवार की सुबह पत्नी नीतू मिश्रा बेटा आदित्य व बेटी बिट्टू के साथ पड़ोस में दुल्हन देखने गई हुई थी। पति अशोक सब्जी मंडी सब्जी लेने गया था। सुबह दस बजे जैसे ही बिजली आई,शार्ट सर्किट से आग लग गया। पड़ोस में रहने वाले वार्ड ब्वाय रमाशंकर ? के घर में धुंए का गुबार से लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आस पास के लोगों ने पहुंचकर कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुसे। पूरे घर में रखा सारा सामान फ्रिज,गद्दा,रजाई,कपड़ा बर्तन,खाद्यान्न के साथ ही बाक्स में रखा नकदी भी जलकर स्वाहा हो गया। इधर फायर ब्रिगेड के पूर्व ही आस पास के लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। **किचन में रखा गैस सिलेंडर तक नहीं पहुंची आग** : किचन में रखा सारा सामान जल गया लेकिन उसमें रखा सिलेंडर तक आग नहीं पहुंच पाई। नहीं तो बहुत बड़ा धमाका होने से कोई बचा नहीं सकता था। पड़ोसियों ने बताया कि भगवान की बहुत बड़ी कृपा रही कि अशोक मिश्रा घर के बाहर रहा?, नहीं तो वह अंदर ज्यादातर समय सोता ही रहता था।

मार-पीट मामले में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। दो अलग अलग गांवों में मामूली बात को लेकर मार पीट कई घायल हुए हैं पुलिस ने दोंनों मामलों में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सरायजीतराय निवासी संजय कुमार यादव पुत्र सूरज प्रसाद यादव का आरोप है कि पडोसी उसे मार पीट कर जख्मी कर दिए तथा जान से मारे की धमकी भी दिए।संजय कुमार ने मऊआइमा थाने में तीरथराज ,उसकी पत्नी शिवकुमारी एंव पुत्री रेनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम सरायजाजा क्षलिया छाता निवासी सोनेलाल पुत्र राम देव का आरोप है कि उसकी गैर मौजूदगी में गांव के कतिपय लोग शराब पीकर आज और उनकी पत्नी निर्मला को गालियां दी और जान से मारने की धमकी भी दिए। सोनेलाल ने मऊआइमा थाने में नोखे लाल तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

महर्षि विद्या मन्दिर में वार्षिक खेल दिवस समारोह का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

नैनी। महर्षि विद्या मन्दिर दूरवाणी नगर में वार्षिक क्रीड़ा दिवस का आयोजन गुरुवार को संपन्न हुआ समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय कारागार नैनी के वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकान्त सिंह ने गुब्बारें एवं कबूतर छोड़कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगुरूपूजन से हुआ इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कृष्णा मिश्रा, प्रोफेसर भारतीय सूचना प्रौधोगिकी संस्थान , प्रयागराज एवं डॉ संजय कुमार लाल सहायक श्रम आयुक्त प्रयागराज तथा जय प्रकाश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा संघ, उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का तिलक नारियल-सॉल एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी प्रदान किया गया। शुरूआत में छात्र छात्राओं ने भगवान गणेश की वन्दना प्रस्तुत की विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम में गति प्रदान करने के लिए मुख्य अतिथि ने मशाल जला कर दिखाया रंग बिरंगे परिधानों एवं वाद्य यन्त्रों से सुसज्जित छात्र छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट की प्रस्तुति की। योगा, फ्लावर ड्रिल , फ्लैग ड्रिल , सेक रेस की शानदार प्रस्तुतियों ने अनोखा समां बांध दिया। कृष्णा नृत्य , दुर्गा नृत्य एवं गर्बा नृत्य जिसने सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डम्बल ड्रिल , हूपला , श्रीलेग रेस , पिरामिड एवं भाँगरा की प्रस्तुति से पूरा विद्यालय प्रांगण करतल ध्वनियों से गूँज उठा वाले बाद विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चंदोला ने महर्षि परम्परा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा के दिशा निर्देशन में प्रतिवर्ष सांस्कृतिक समारोह एवं खेल समारोह का आयोजन होता है। मुख्य अतिथि शशिकांत सिंह ने पूरे कार्यक्रम की भूरि भूरि सराहना किया। समारोह के अन्त में प्रधानाचार्या ने आगन्तुक सभी अतिथियों का साधुवाद आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

न्यूज झरोखा

सेवानिवृत्त सहकारी भूमि विकास बैंक के कर्मचारी की हुई भावभीनी विदाई

सहसों। उत्तर प्रदेश सहकारी भूमि विकास बैंक के कर्मचारी फील्ड अफसर संतोष कुमार सिंह के सकुशल सेवाकाल बिताने के पश्चात 31 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई की गई। इस अवसर पर फूलपुर विकासखंड परिसर में आयोजित बिदाई समारोह के मुख्य अतिथि विकासखंड फूलपुर प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने सम्मानित कर्मचारी को विदाई के दौरान अपनी शुभकामना देते हुए गीता की पुस्तक, तुलसी की माला, अंगवस्त्रम एवं एक ब्रीफकेस देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विदाई समारोह की अध्यक्षता बैंक के निदेशक राम पलट पटेल एवं संचालन बैंक शाखा के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि रहे पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार कन्हैया लाल पांडे, अमरनाथ तिवारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू , भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह एवं एजीएम भूमि विकास बैंक राम हर्ष प्रसाद ने भी समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर बैंक शाखा प्रबंधक अमरनाथ सिंह ने कर्मचारी फील्ड ऑफिसर संतोष कुमार सिंह को भावभीनी विदाई करते हुए आए हुए अतिथियों का स्वागत कर सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर बैंक के समस्त कर्मचारी एवं क्षेत्रीय संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

मजदूर महोत्सव का होगा आयोजन : ग्राम पंचायत अल्हवा कोरांव ने लिया फैसला

मजदूर सेना का गठन 15 फरवरी से चालू

रत्योरा। जिले के ब्लॉक कोराव में स्थित ग्राम पंचायत अल्हवा में अब प्रत्येक वर्ष मजदूर महोत्सव का आयोजन होगा। साथ ही मजदूर सेना का गठन कर के ग्राम्य विकास में इन्हे समाज और विकास की मुख्य धारा में जोडने का कार्य किया जयेगा। उक्त बातें ग्राम प्रधान अल्हवा और अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल के मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए प्रेस प्रतिनिधियों को दी। श्री शहजादे को कि ग्राम प्रधान लीडर के अलावा जिला सतर्कता समिति बंधुआ श्रम उन्मूलन श्रम विभाग उत्तर प्रदेश सरकार प्रयागराज के सदस्य और मिस्किन सेवा संस्थान ट्रस्ट के प्रबंधक और श्रमिक प्रतिनिधि और वरिष्ठ पत्रकार भी हैं इन्होंने बताया कि हर जगह होने वाले महोत्सव कार्यक्रम के आयोजनों में जिनका शुरू से अंत तक किसी भी कार्यक्रम या निर्माण कार्य कार्यक्रम होता है श्रमिकों यानी मजदूरों का कोई सम्मान और उत्साह वर्धन नहीं करता,इस लिए मजदूर महोत्सव का आयोजन हर साल किए जाने का फैसला किया गया है। शहजादे ने बताया कि ग्राम पंचायत अल्हवा से उक्त मजदूर सेना का गठन किए जाने के पश्चात पूरे ब्लॉक में गठन किया जाएगा। और उनकी समस्याओं को उक्त ट्रस्ट एवम संगठन के जरिए मजदूरों की समस्याओं को सरकार और श्रम विभाग तथा जिला प्रशासन और जन प्रतिनिधियों के माध्यम से निदान कराया जायेगा। इस के लिए बाकायदा एक स्टेरिंग कमेटी का गठन किया जा रहा है जिसमे ग्राम प्रधान संघ के और मजदूर सभा से तथा ट्रस्ट के प्रतिनिधि और ब्लॉक के दो प्रतिनिधि कमेटी में सदस्य होंगे। जिसके जरिए हर वर्ष मजदूर महोत्सव का आयोजन आयोजित होगा। और मजदूरों का सम्मान तथा उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसाशित पत्र दे कर सम्मानित किया जाएगा। इस नेक कार्य के लिए जो भी अफसर,कर्मी,नेता,प्रतिनिधि व्यवसाई चाहें तो सहयोग प्रदान कर सकते हैं। स्टेरिंग कमेटी में शामिल हो सकते हैं। शहजादे ने बताया कि मजदूरों की ही देन है,जिन्होंने देश की संसद भवन,राजधानियां,सरकारी गैर सरकारी बिल्डिंगे,लोगों के घर मकान मंदिर,मस्जिद,आदि निर्माण कार्य करके अपनी जीविका चलाते हैं। इस लिए इनको इग्नोर नहीं किया जा सकता। ट्रस्ट महिला पुरुष युवा श्रमिकों के कल्याण हेतु कृत संकल्पित है।

डग्गामार वाहन : सरकार को लगा रहे लाखों का चूना!

अखंड भारत संदेश

प्राइवेट बसों को परिवहन निगम की तरह रंग कर यात्रियों दे रहे धोखा, पुलिस कर्मियों के रहमे करम पर हो रहा है संचालन

मऊआइमा। डग्गामार वाहनों द्वारा रोज सरकार को लगा रहे हैं लाखों का चूना।दूसरी ओर बसों को परिवहन निगम की तरह रंग का यात्रियों को धोखा दे रहे हैं। बसों पर बैठने के बाद यात्रियों को मालूम होता है कि यह नकली रोडवेज बस है।

प्रतापगढ़ और प्रयागराज तक चलने वाली डग्गामार बसों द्वारा रोज सरकार को लाखों का चूना लगा रहे हैं। बताते हैं कि अब डग्गामार बसों द्वारा यात्रियों को धोखा देने के लिए परिवहन निगम की भांति बसों को कलर कर अपने बसों के आगे प्रयागराज प्रतापगढ़ तथा केवल परि? लिख कर यात्रियों के आंख में धूल झोंक कर धोखा दे रहे हैं। बसों पर बैठने के बाद यात्रियों को बसों का ज्ञान होता है। उक्त डग्गामार बसों द्वारा यात्रियों से मन माना भाडा एंव यात्रियों के साथ अभद्रता करते हैं। यही नहीं प्रायः देखा गया है कि परिवार निगम की सरकारी बसों के आगे आगे यह नकली बसें चलती हैं। ताकि कोई परिवहन निगम की बसों में बैठ न सके। डग्गामार बसों के पास नकली टिकट भी रहता है। यह यात्रियों को धोखा देकर प्रायः फोरलेन के बीचों बीच बसों को खडी करते हैं। ताकि परिवहन निगम की सरकारी बसें अथवा अनुर्बाधत बसें आगे न जा सके।जिससे अमूमन मऊआइमा थाना चौराहे पर डग्गामार वाहनों के कारण जाम लगता है। पुलिसकर्मी यह सब देख कर भी चुप्पी साधे रहते है। आरोप है कि इन डग्गामार वाहनों का संचालन पुलिस की मिली भगत से चलती है। हर थानों में इनका महीना बंधा रहता है। डग्गामार वाहनों के चालक परिचालक आधा दर्जन सवारी बैठाने वाले उठाईगिर हर समय आमादा फसाद रहते हैं। स्थानीय लोगों ने इन नकली रोडवेज बसों पर शिकंजा कसने की मांग की है।

चार देशी बम के साथ शातिर अभियुक्त पुलिस के शिकंजे में

शंकरगढ़। शंकरगढ़ पुलिस ने चार देशी बम के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।पुलिस ने यह गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मिश्रा पुरवा के पास से की है।पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए युवक का चालान भेज दिया। शंकरगढ़ एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उनकी पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मिश्रापुरवा के पास से सोनू कोल पुत्र राजरूप कोल निवासी मिश्रापुरवा शंकरगढ़ को गिरफ्तार किया और तलाशी के दौरान युवक के पास से 4 देशी बम मिले।पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गंगाराम सोनकर और कांस्टेबल संतोष कुमार पटेल शामिल रहे।

कुंवर पट्टी में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

बाबा बागेश्वर धाम सरकार का लगा भव्य दरबार

एक दिन पहले ही हजारों की संख्या में पहुंच गए थे भक्त, कार्यक्रम में मुस्तैद दिखी पुलिस, पर्चे के परंपरा को लेकर बोले धीरे की शास्त्री, महर्षि वाल्मीकि के दौर के पर्चे वाली है परंपरा

अखंड भारत संदेश

सिरसा / मेजा। कुअँर पट्टी में 29 जनवरी से आयोजित पाँच दिवसीय माँ कृपा शीतला महोत्सव बुधवार को पाँचवे दिन धीरेंद्र शास्त्री बाबा बागेश्वर धाम सरकार का भव्य दरबार लगा । दरबार मे हजारों की संख्या में भक्त अर्जी लगाने पहुँचे । बाबा बागेश्वर का मंच पर डीजीएस परिवार के इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने जोरदार स्वागत कर आशीर्वाद लिया ।

बाबा बागेश्वर ने कहा बागेश्वर धाम के प्रिय राजू भैया है और पूरा डीजीएस परिवार बाला जी के चरणों से जुड़े हैं और उन्होंने सबको जुड़ने का अवसर दिया है जिसके लिए मैं उन्हें आशीर्वाद देता हूँ । बालाजी को प्रणाम करते हैं मेरे पागलों याद रखना हमने समस्या का समाधान दिया है लेकिन कर्म और कृपा दोनों आवश्यक है उन्होंने कहा दरबार हमारा नहीं महिमा बालाजी की है उन्हीं के चरणों की कृपा है जो आज तक कहते थे कि कोई दिव्य शक्तियां नहीं होती यह उनके मुंह पर तमाचा है उन्होंने कहा जो बाला जी से जुड़ जाता है उसका सब कार्य होता है । कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो तुम होत तात तुम पाहीं। हम कोई चमत्कारी नहीं है हम बाला जी के सेवक है। बाबा बागेश्वर ने सभी को भक्तों को सनातन धर्म की ध्वजा के नीचे आने का संकल्प दिलाया और हिन्दू राष्ट्र बनाने का कृतसंकल्पित भाव को प्रकट किया । उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य तब तक पूरा नहीं होगा जब तक भारत हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं हो जाता । इस अवसर पर सूर्यदेव शुक्ल ब्रह्मदेव शुक्ल, ईश्वरदेव शुक्ल ने बाबा बागेश्वर का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया । दरबार मे कुल आठ लोगों की अर्जी बाबा ने स्वीकार किया और उनको आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र व इंस्पेकर मेजा ने सम्हाल रखी थी जिसको वह पूरी तन्मयता से निभाया। सुरक्षा व्यवस्था में कई गाड़ी पीएसी बल व सैकड़ों की संख्या में पुलिस फोर्स व एलआईयू की टीम मौजूद रही।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने कड़ी सुरक्षा के बीच संगम में लगाई डुबकी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। गुरुवार को संगम क्षेत्र में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचकर संगम स्नान किए इसके पश्चात माघ मेला क्षेत्र के साधु-संतों से मिलने के लिए चले गए । बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री जी ने हिंदू राष्ट्र को लेकर एक और बयान देते हुए कहा कि अगर हम सब साथ हों तो भारत हिंदू राष्ट्र होगा। उन्होंने ये भी कहा कि अब हिंदू राष्ट्र का बिगुल बजा दो,आओ जातिवाद को तोड़कर हम सब हिंदू एक हों। धीरेंद्र शास्त्री ने सपा के एक नेता का नाम लिए बगैर ही कहा कि देश को कायरों, कपटियों और क्रूर लोगों से बड़ा खतरा है। ऐसे लोग धर्म और देश दोनों का नुकसान करते हैं। वहीं, हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर सफाई देते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, 'मैं ना तो राजनेता हूं ना राजनीति करता हूं और ना ही मीडिया में जगह पाने के लिए हिंदू राष्ट्र की बात कर रहा हूं...मैं यहां से सिर्फ और सिर्फ एक ही प्रार्थना कर रहा हूं। यह प्रार्थना हिंदू राष्ट्र के लिए है.' धीरेंद्र शास्त्री ने संगम में स्नान किया और उसके बाद माघ मेले में संतों से मुलाकात की।

कई बार कह चुके हिंदू राष्ट्र बनाने की बात : हिंदू राष्ट्र को लेकर धीरेंद्र शास्त्री ने पहली बार बयान नहीं दिया है। धीरेंद्र शास्त्री कई बार मंचों से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कर चुके हैं। कुछ दिन पहले ही नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा था, 'नेताजी ने नारा दिया था तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। आज मैं एक नारा दे रहा हूं, तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें हिंदू राष्ट्र दूंगा.' इसके पहले बागेश्वर धाम के पहुंचने पर संगम पर भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई उनकी एक झलक पाने के लिए बेकरार दिखा। लोगों को काबू करने में पुलिस के पसीने छूट गए। काफी धक्कामुक्की के बाद उन्हें वाहन में बैठाकर सतुआ बाबा के आश्रम ले जाया गया। माना जा रहा है कि सीएम योगी 3 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगे तब धीरेंद्र शास्त्री उनसे भी मुलाकात कर सकते हैं। धीरेंद्र शास्त्री बीते कई दिनों से अपने बयानों को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने पाकिस्तान में रामकथा और रामचरितमानस विवाद में क्या कहा था ।

पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी करेंगे रामकथा : धीरेंद्र शास्त्री ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी रामकथा वाचन की बात कही। धीरेंद्र शास्त्री बोले, हमने बहुत पहले ही पाकिस्तान में रामकथा की घोषणा की थी। अगर वहां लोग तैयारी कर रहे हैं और हमें बुलाते हैं तो हम तो वहां राम कथा करेंगे। उन्होंने अपने हास-परिहास के अंदाज में आगे कहा, बहुत जोरदार कथा करेंगे, जिसके बाद बहुत से पाकिस्तानी भारत में आ जाएंगे, चिंता मत करो।

प्रशासन रही मुस्तैद, मिलने वालों की लगी रही भीड़

रामचरितमानस का विरोध करने वालों को मजा चखाना पड़ेगा

रामचरितमानस को लेकर चल रहे विवाद पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने कहा, यह घोर निंदनीय कृत्य है। इस पर हमारा यही कहना है, इसके पीछे लंबी साजिश है, जो तथा कथित लोगों के द्वारा की गई है। आपके वैचारिक भेद हैं तो ठीक हैं। अपनी बात बोल सकते हैं, पर किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचा सकते। आपको यह अधिकार नहीं है, हम वाणी से बोल सकते हैं, अपनी बात बोल सकते हैं। हमारा इतिहास है, आज तक हमने किसी अन्य धर्म के खिलाफ नहीं बोला, लेकिन अपने धर्म के पक्ष में बोला। रामचरितमानस के साथ जो किया गया, वह निंदनीय है और इसे देखने वाले भी निंदनीय हैं। इसलिए हमने प्रत्येक सनातनी से प्रार्थना की है कि इनको तो मजा चखाना पड़ेगा। इसके उपरांत मेजा में आयोजित कार्यक्रम के लिए प्रस्थान कर दिए।

कर्नल विनय कुमार ने मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव का पदभार ग्रहण किया

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शासन ने विनय कुमार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का कुल सचिव नियुक्त किया है। गुरुवार को विनय कुमार ने कुलसचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व मध्य यूपी सब एरिया, लखनऊ में कार्यरत रहे विनय कुमार इसी वर्ष 31 जनवरी को कर्नल रैंक से सेवानिवृत्त हुए। सेना में रहते हुए कुमार ने जम्मू एवं कश्मीर, मणिपुर तथा यूएन मिशन में अपनी सेवाएं दी। इसके साथ ही मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेली कम्युनिकेशन में निर्देशक के पद पर भी कार्य किया। श्री कुमार के कार्यभार ग्रहण करने पर विश्व विद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। अभी तक विश्वविद्यालय के कुलसचिव का अतिरिक्त चार्ज कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर पी पी दुबे के पास था। नवनियुक्त कुलसचिव श्री कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू कराने की होगी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा सभी को शिक्षा का समान अवसर प्रदान करती है। नौकरी में रहते हुए भी ज्ञानार्जन के लिए दूरस्थ शिक्षा माध्यम से पढ़ाई की जा सकती है।

संगम क्षेत्र में बाबा बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री

स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरतें : सीडीओ

अखंड भारत संदेश

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जेएसवाई, प्रथम संदर्भन ईकाई, जेएसवाई लाभार्थियों के भुगतान की प्रगति, मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री, ई-कवच एप, प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों की समीक्षा की। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने प्रसूताओं को मिलने वाले शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने आशाओं का भी भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने हेतु कहा है। सीडीओ ने अभियान चलाकर वीसीजी, मिजल्स रूबेला टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को ड्यू लिस्ट अपडेट रखने एवं ड्यू लिस्ट के अनुसार कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत कैम्प चलाकर नसबंदी कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मंत्रा एप, ई-कवच, आरसीएच पोर्टलों पर फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत रूप से कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने वेल्नेससेंटर के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने व प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों को कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की लगातार मानीटरिंग करते रहने का निर्देश दिया है तथा सभी चिकित्सा अधिकारियों को चिकित्सालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने बिजली एवं बिल्डिंग के कार्यों की जांच करते हुए जो भी खराब पाये जाये, उनको तत्काल ठीक कराने जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने चिकित्सकीय उपकरणों को चेक करते हुए खराब उपकरणों को ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को मरीजों से अच्छा व्यवहार किए जाने के लिए कहा है। संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रसव केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियमित बैठक करने तथा प्रभारी चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से भ्रमण कर इसका अनुश्रवण करते रहने के लिए निर्देशित किया है। क्षय रोगियों को मिलने वाली अनुमन्य धनराशि को तीन दिन के अंदर भुगतान कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य टीम को स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का शत-प्रतिशत स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य से सम्बंधित जो योजनाएं संचालित है, उनका अच्छी तरह से क्रियान्वयन करते हुए लोगो को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीएमओ डॉ0 आशु पाण्डेय, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सभी प्रभारी चिकित्स आधिकारीगण उपस्थित रहे।

माघ मेले में आग से झुलसे श्रद्धालु शिवपूजन तिवारी की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

28 जनवरी को सिलेंडर लीकेज से लगी थी आग, 7 श्रद्धालु गंभीर रूप से हुए थे घायल

प्रयागराज। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में 6 दिन से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है शिवपूजन तिवारी (50) आखिरकार जिंदगी की जंग हार गए। गुरुवार को अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली।बता दें कि 28 जनवरी को माघ मेला क्षेत्र में सेक्टर चार में ब्रह्मा ऋषि स्वामी आत्मानंद के शिविर में सिलेंडर लीकेज से आग लग गई थी और उस समय भंडारा चल रहा था। यहां उपस्थित सात श्रद्धालु आग की चपेट में आ गए थे, जिसमें प्रतापगढ़ जनपद के रहने वाले शिवपूजन तिवारी बहुत बुरी तरह से आग से झुलस गए थे।पूरा शरीर जल गया था। पहले उन्हें मेला क्षेत्र में बने अस्थायी गंगा अस्पताल ले जाया गया था उसके बाद हालत गंभीर होने के बाद स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था। यहां स्पेशलिस्ट डॉक्टर की निगरानी में इलाज चल रहा था। डॉक्टरों ने बताया कि शरीर 70% जल गया था। काफी प्रयास के बावजूद बचाया नहीं जा सका।

एक महिला की हालत है गंभीर : आग से 7 लोग झुलसे थे। इसमें शिवपूजन तिवारी और ऊषा सिंह की हालत गंभीर थे। वह 70 % जले थे। इन दोनों को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसमें शिवपूजन का निधन हो गया। ऊषा सिंह की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।डाक्टरों के मुताबिक, आग से शरीर के ऊपरी हिस्से ही नहीं बल्कि शरीर के अंदर भी काफी दिक्कतें हैं। इलाज चल रहा है। इसी तरह राजभूषण सिंह, बिट्?टन सिंह, विजय सिंह, चटकीला व इंद्रपाल सिंह भी आग से झुलसे थे लेकिन स्वास्थ्य अभी सही हो रहा है।

विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर आयोजित हुआ जन जगरूकता कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नेहरू युवा केंद्र द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर जन जगरूकता कार्यक्रम चंद्र शेखर आजाद पार्क में आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंड के युवाओ ने प्रतिभागिय किया 'इस वर्ष विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2023 का विषय वेटलैंड रेस्टोरेशन है ' कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय एवं नमामि गंगे परियोजना अधिकारी एषा सिंह उपस्थित रही ' जिला युवा अधिकारी ने बताया की आर्द्रभूमि ऐसा भूभाग होता है जहाँ के पारितंत्र का बड़ा हिस्सा स्थाई रूप से या प्रतिवर्ष किसी मौसम में जल से संतृप्त (सचुरेटेड) हो या उसमें डूबा रहता है ' हमारे आसपास इन वेट्लैंड्स को छोटे-बड़े तालाब, पोखर, झील और नदियों की शक्ल में देखा जा सकता है। और इसे संरक्षण के लिए सभी युवाओ को आना चाहिए ।जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने बताया की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत रामसर कन्वेंशन का हिस्सा है। दो फरवरी वर्ष 1971 में ईरान के शहर रामसर में यह कन्वेंशन आयोजित हुआ था। वेटलैंड्स को ह्यकिडनीज ऑफ द लैंडस्केपह्व यानी ह्यभू-दृश्य के गुर्देह्व भी कहा जाता है ।जिस प्रकार से हमारे शरीर में जल को शुद्ध करने का कार्य किडनी द्वारा किया जाता है, ठीक उसी प्रकार वेटलैंड तंत्र जल-चक्र द्वारा जल को शुद्ध करता है और प्रदूषणकारी अवयवों को निकाल देता है। देश के नागरिकों का यह कर्तव्य है कि पर्यावरण बचाए रखें। इसे पश्चात स्पीयर हेड लीडर रोहित ने स्वछता शपथ दिलाई एवं रैली निकल कर सभी को स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया ' कार्यक्रम में स्वयंसेवक अमन ,कुलदीप, निर्मल कांत रोशनी , बबिता, कुसुम आदि उपस्थित रहे।

नशेड़ी अधेड की तीन दिन बाद कुएं मे मिली लाश

करछना। थाना क्षेत्र के इसौटा गांव में तीन दिनों से लापता व्यक्ति का कुएं में शव देखे जाने पर सनसनी फैल गई। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी राजकुमार 42 पुत्र स्व0 भोदल सोमवार देरशाम को घर से घूमने के लिए बाहर निकला था। लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा, सुबह होने पर स्वजनों ने राजकुमार का हर जगह हर संभव खोजबीन किया। लेकिन कहीं भी पता नहीं चल सका। परिजनों के मुताबिक वह नशे का आदी था जिससे पुलिस को भी सूचना नहीं दी गई। वहीं गुरुवार सुबह घर से थोड़ी दूर पर स्थित कुएं में उक्त व्यक्ति का देखे जाने पर सनसनी फैल गई। धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जुड़ गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने इसकी जानकारी डायल 112 व स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना होने पर चौकी प्रभारी भीरपुर दिवाकर सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे, और शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम भेज दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में स्वजनों के द्वारा किसी भी प्रकार की तहरीर नहीं दी गई है।

सुरक्षित बैंकिंग आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जागरूकता अभियान

अखंड भारत संदेश

करछना। के ग्रामीण क्षेत्र के नेवादा समोगर स्थिति एचडीएफसी बैंक के उच्च अधिकारियों के दिशानिर्देश पर शाखा प्रबंधक ईशान पाठक के नेतृत्व में ब्लाक सभागार करछना में कर्मियों द्वारा ग्रामीणों व कई ग्रामसभा के ग्राम प्रधानों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने तथा सुरक्षित बैंकिंग प्रणाली के बारे मे विस्तार से बताया गया, इस दौरान शाखा प्रबंधक ईशान पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि देश मे साइबर सुरक्षा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और लगातार उभरते हुए खतरों से बचाव के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता बढ़ रही है। लोगों को भ्रमित कर लिंक व ओ टी पी के जरिए जालसाजी के मामले चिंताजनक है। बैंक कभी किसी से व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगता। ग्रामीणों को बैंक के अन्य लाभकारी योजनाओं पर्सनल लोन बिजनेस लोन किसान गोल्ड कार्ड आटो लोन गोल्ड लोन के बारे मे ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह ने बताया कि बैंक का उद्देश्य सभी प्रकार की धोखाधड़ी के बारे मे जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान शाखा प्रबंधक ईशान पाठक उप प्रबंधक अजीत कृष्णपंकज त्रिपाठी गोल्ड लोन मैनेजर, अंबुज सिंह सुमन कुमार शाह सेल्स ऑफिसर सचिन सिंह, राहुल, सुदीप मिश्र व राधे कृष्ण मिश्र उपस्थित रहे।

शुआट्स कुलपति समेत 12 के खिलाफ एफआईआर

प्रयागराज। शुआट्स (सैम हिग्गिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज) के कुलाधिपति और कुलपति समेत 11 अधिकारियों के खिलाफ नैनी थाने में बृहस्पतिवार को एसटीएफ ने दो एफआईआर दर्ज कराई। इसमें शुआट्स अफसरों पर बेहद संगीन आरोप लगाए हैं। पहली एफआईआर लगभग साढ़े पांच करोड़ वित्तीय अनियमितता की है तो दूसरी 69 प्रोफेसरों, असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसरों की अवैध नियुक्ति की है। मामले में प्रतिकुलपति डॉ. सर्वजीत हर्बट और कार्यालय अधीक्षक अशोक सिंह को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। कुछ साल पहले दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने शुआट्स के पदाधिकारियों के खिलाफ तमाम शिकायतें की थीं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड की पॉलसी संख्या 311919095 में भूलवश प्रेमा देवी पत्नी राम चंद्र लिख गया है जो गलत है पॉलसी धारक का सही नाम सीता देवी पत्नी राम चंद्र निवासी केसरिया जहांगीराबाद दारानगर जनपद कौशांबी है। सही नाम सीता देवी समझा जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कल

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में 04 फरवरी को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया जायेगा। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील लालगंज एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील पट्टी में किया जायेगा, अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता आयोजित होगा। इसी प्रकार 18 फरवरी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील रानीगंज, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में तहसील सदर में एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

खेल को सफल बनाने में सभी अधिकारीगण करें सहयोग: दिनेश

सांसद खेल स्पर्धा की तैयारी बैठक हुई संपन्न

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सांसद खेल स्पर्धा की बैठक दिनेश कुमार गुप्ता संगम यूथ फाउंडेशन की अध्यक्षता में नेहरू युवा केंद्र कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई। बैठक में नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने जानकारी उपलब्ध कराई कि लोकसभा के 13 विकास खंडों में 750 रजिस्ट्रेशन हुए।

बेसिक शिक्षा विभाग के जिला व्यायाम शिक्षक ने बताया कि 3300, जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा 650,जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा 750 रजिस्ट्रेशन हुए उक्त बैठक में ब्लॉकस्तर पर आयोजित होने वाली स्पर्धा के ग्राउंड स्थल व रजिस्ट्रेशन के संबंध में संबंधित विभागों के नोडल से वार्ता की गई। सभी के द्वारा दिए गए आंकड़ों के आधार पर अभी तक कुल 5980 रजिस्ट्रेशन हुए है। 4700 आफलाइन व शेष आनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। खेल प्रतियोगिताओं में टीम गेम में खो खो, कबड्डी तथा व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में कुश्ती एवं 800 मीटर, 400 मीटर की प्रतियोगिताएं विकासखंड स्तरीय मुख्यालयों पर समुचित स्थान वाले क्रीडा स्थल पर आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला राज्य पंचायत अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, उप निर्देशक नेहरू युवा केंद्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रतापगढ़ आदि को निर्देशित किया है।

सांसद खेल स्पर्धा तैयारी बैठक में बोलते दिनेश कुमार गुप्ता।

सांसद खेल स्पर्धा की बैठक की अध्यक्षता कर रहे संगम यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि खेलो इंडिया खेलो के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उसी समीक्षा बैठक में यह जानकारी मिली है कि अभी तक 5980 रजिस्ट्रेशन हुए हैं और भी रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सभी अधिकारियों से अपील की गई है। सभी ग्राम पंचायत स्तर तक सहभागिता कराई जाए प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र के 13 विकास खंडों के प्रत्येक ग्राम पंचायतों से युवा खेल में प्रतिभाग करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडे, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, नमामि गंगे परियोजना अधिकारी शिवम यादव, विश्वजीत प्रताप सिंह, राज प्रशिक्षक श्याम लाल पटेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक सत्यम शुक्ला राष्ट्रीय स्वयंसेवक आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस लाइन से विकास भवन तक हटाये गये होर्डिंग, पोस्टर व बैनर

नपा का दूसरे दिन भी जारी रहा अभियान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पालिका द्वारा आज गुरुवार को पुलिस लाइन से विकास भवन फिर सगरा मोड़ व मीरा भवन चैराहा होते हुए कम्पनी गार्डेन तक सड़क के किनारे लगी होर्डिंग, खंभों पर लगे होल्डिंग व बैनर हटाये गये।

आज के अभियान में नगर पाकिला के अधिकारियों के साथ नगर पालिका के विद्युत कर्मी भी थे क्योंकि खंभों से होर्डिंग उतारने में विद्युत बंद की जा सके। गुरुवार को पूर्वान्ह 11 बजे नगर पालिका अपनी चार छोटी गाड़ियों, बड़ी सीढ़ी व जम्फर लेकर मीरा भवन पहुंचे थे। उसके बाद लगभग साढे. तीन घंटे तक 300 होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाये गये। इस अभियान में स्वच्छ भारत मिषन के डीसीएम वरुण कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के अलावा अनेक नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दें कि एक दिन पूर्व बुधवार को शहर में पोस्टर होर्डिंग उतारी गई थी। आज दूसरे दिन भी यह अभियान जारी रहा।

दीवार से बैनर उतारते नगर पालिका कर्मी।

पुस्तिका संकलन केंद्र जिला मुख्यालय बनाये जाने से परेशानी

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। यूपी बोर्ड की 16 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जहां शिक्षा विभाग जोर शोर से तैयारी कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ परीक्षा केंद्र के लिए नयी मुसीबत सामने आती दिखाई दे रहे हैं। इस बार शुरू होने वाली उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अनदेखी किया जा रहा है जिससे केंद्र व्यवस्थापको को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस बार तहसील स्तर पर परीक्षा पुस्तिका संकलन केंद्र न बनाकर जिला स्तर पर बना दिया गया है जो सवर्था अनुचित एवं अब्यवहारिक है जब कि पूर्व में तहसील स्तर पर संकलन केंद्र बनाए गए थे इस बार जिला मुख्यालय बनाये जाने से दूरी 70 किलोमीटर हो गई है जिससे जिला मुख्यालय में ट्रैफिक जाम में मुसीबत के साथ समय ज्यादा लग सकता है जिससे परीक्षा केंद्र पर समय से कापी का बंडल पहुँचना परेशानी का सबब बना हुआ है। तहसील स्तर पर बने परीक्षा केंद्र के केंद्र ब्यवस्थापको ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ डॉ नितिन बंसल से जिला विद्यालय निरीक्षक से तहसील स्तर पर संकलन केंद्र बनाने हेतु अनुमोदन प्रदान करने के लिए मांग किया है ताकि सकुशल परीक्षा सम्पन्न हो सके।

घर में घुसकर मारपीट व जानलेवा धमकी को लेकर आरोपियो पर मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट व पीडित को बंधक बनाए जाने तथा धमकी को लेकर दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के नेकनामपुर निवासी स्व. रामदुलारे पटेल की विधवा आशा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि तीस जनवरी को रात करीब साढे ग्यारह बजे बगल के साधौराम जागरा निवासी बृजेन्द्र उर्फ गुडडू तथा पुष्पेन्द्र पुत्रगण राम नारायण दुबे उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोपियो ने गाली देते हुए घर मे मौजूद उसकी बहू से कहा कि घर की तलाशी लेनी है। बहू द्वारा मना किये जाने पर आरोपियो ने उसे मारापीटा। पीडिता की बहू ने घटना की सूचना खेत मे फसल की रखवाली कर रहे अपने पति नीरज पटेल को फोन पर दी। घटना की अगली सुबह इक्तीस जनवरी को नीरज रामपुर बावली मे भी बने आरोपियो के मकान पर पहुंचकर शिकायत की। शिकायत से चिढ़कर आरोपियो ने उसे कमरे मे बंधक बनाकर जमकर मारापीटा। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग दौडे तो आरोपियो ने गाली देते हुए उसे जानलेवा धमकी देकर छोड दिया। पीडिता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर गुरूवार को आरोपी बृजेन्द्र समेत दो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है।

सीएचसी में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ परीक्षण, सुझाए गए उपाय

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे गुरूवार को लगे राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की भीड दिन भर उमडी दिखी। जिला मुख्यालय से विशेषज्ञ चिकित्सा टीम के द्वारा मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार के सुझाव बताये गये। इसके पूर्व शिविर का चिकित्साधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता एवं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने बताया कि चिडचिडापन तथा मन का अशांत होना एवं कुछ बीमारियो को लेकर गलत फहमियां आदि मानसिक विकार उत्पन्न किया करती है। उन्होने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क से ही मनुष्य जीवन के पथ पर अग्रसर हुआ करता है। रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मानसिक रोग के उपचार को समय की सबसे बडी चिकित्सीय आवश्यकता ठहराया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा पर जोर दिया। शिविर मे चिकित्सा विशेषज्ञ डा. राहुल पाण्डेय, डा. ज्ञानेन्द्र मौर्य व डा. रामराज तथा डा. सुधाकर ने मरीजो का चिकित्सीय परीक्षण करते हुए रोगो से बचाव के लिए जागरूकता दी। कार्यक्रम का संयोजन जिला समन्वयक मुकेश मौर्य व संचालन बीपीएम बृजेश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राकेश पाण्डेय, देवकुमार दुबे, मुन्ना शुक्ला, शास्त्री सौरभ, विनय पाण्डेय, मनमोहन यादव आदि रहे।

सीएचसी में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन करते अधीक्षक व अन्य।

आरोपी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। घर से दुकान पर सामान लेने निकली युवती को अगवा करने के आरोप मे युवक के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है। लालगंज के छोटी पयागीपुर निवासी लालजी के पुत्र राजेश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उन्तीस जनवरी को दिन मे दो बजे उसकी बीस वर्षीया पुत्री खुशी दुकान पर खाने पीने का सामान लेने गयी थी। खुशी का अगले मार्च में परिजनो ने विवाह भी तय कर रखा है। तहरीर मे कहा गया है कि दुकान से प्रयागराज जिले के मऊआइमा थाना के कल्यानपुर निवासी सुनील के पुत्र सारस्वत उर्फ शनि ने उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया। पीडित ने बेटी के साथ अप्रिय वारदात की भी आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात आरोपी सारस्वत के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 सालिक राम शुक्ला मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान क्र0 अपील नं0 49/2007 माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीट लखनऊ, वाद सख्या 90/19 धारा 147, 148, 308 323, 504, 506, 427 भादवि से संबंधित कुल 04 वारण्टी अभियुक्त को घर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी में रामकरन पुत्र रामदुलार नि0 ग्राम सण्डौरा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़, शुभकरन पुत्र रामदुलार नि0ग्राम सण्डौरा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ, बलिकरन पुत्र रामदुलार नि0ग्राम सण्डौरा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ व विश्वजीत पुत्र शिवभजन नि0ग्राम सण्डौरा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ शामिल हैं।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना रानीगंज के उ0नि0 अवनीश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 163/22 धारा 363, 366, 506, 323, 376डी भादवि व 5 जी/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र देवी प्रसाद नि0 चन्दीगोविन्दपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

भक्ति भावना से ही भगवान होते हैं प्रसन्न: आशुतोष महाराज

कृष्ण सुदामा चरित्र का अंतिम दिन किया भावपूर्ण वर्णन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री धाम वृंदावन के आचार्य पंडित आषुतोष महराज का हादीहाल में विगत एक सप्ताह से चल रही भागवत कथा में आज अंतिम दिन कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन सुनकर लोग भाव विभोर हो गये। आषुतोष महराज ने बताया कि भगवान भक्ति के भूखे होते हैं।

उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति भक्ति भावना से ईष्वर की आराधना करता है, उसका कल्याण होता है। यही उदाहरण कृष्ण ने सुदामा को अपना करके यह सिद्ध किया कि भगवान धन बल से नहीं बल्कि भक्ति भावना से जीते जा सकते हैं। शहर के जैन गली निवासी रमाषंकर गुप्ता एवं श्यामकली गुप्ता द्वारा आयोजित इस कथा में डा0 कृपा शंकर गुप्ता, ओम प्रकाष गुप्ता, देवेन्द्र कुमार गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, पंकज गुप्ता आदि लोग नियमित रुप से कथा श्रवण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि महराज जी ने विगत एक सप्ताह से संगीतमयी भागवत कथा से बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया है। कथा के अंतिम दिन प्रसाद वितरण किया गया और एक सप्ताह से चल रही कथा का समापन हुआ।

शहर के हादीहाल में चल रही भागवत कथा में बोलते आचार्य पंडित आशुतोष महराज।

सहायक सचिव ने जिले के परीक्षा केन्द्रों की तैयारियों का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश शासन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर डॉक्टर अंशिका यादव, सहायक सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इलाहाबाद ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों जैसे मॉडर्न साइंस इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, बैजनाथ प्रसाद ओझा इंटर कॉलेज माधोपुर प्रतापगढ़, शंकर विद्यालय इंटर कॉलेज कटैया प्रतापगढ़ बाबू संत बक्स सिंह इंटर कॉलेज सड़वा दोबान प्रतापगढ़ महावीर सिंह खींची इंटर कॉलेज पूरे गिरवर अजगरा प्रतापगढ़ आदि का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में सीसीटीवी कैमरा, केंद्र व्यवस्थापक, वाहे केंद्र स्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति, प्रश्न पत्रों के रखरखाव हेतु स्ट्रांग रूम की व्यवस्था एवं डबल लॉक की व्यवस्था, परीक्षा केंद्र पर जनरेटर एवं इनवर्टर की व्यवस्था, ओएमआर के रखरखाव की व्यवस्था, मेन गेट पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, शादी उत्तर पुस्तिकाओं के रखरखाव की व्यवस्था, परीक्षा केंद्र पर राउटर डिवाइस, डीवीआर, हाई स्पीड इंटरनेट आदि की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया और संतुष्ट रहे। साथ ही साथ जनपद मुख्यालय में बने हुए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और कुछ विद्यालयों को ऑनलाइन खोल कर देखा भी। उनके साथ डॉक्टर ओपी राय जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित लाइजनिंग अफसर के रूप में डॉक्टर विंध्याचल एवं डॉ मोहम्मद अनीस रहे। कंट्रोल रूम प्रभारी डॉ राजेंद्र सिंह यादव एवं राजकुमार सिंह आदि रहे।

कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण करतीं सहायक सचिव अंशिका यादव।

अमीन के निधन पर जताया गया दुख

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय तहसील में तैनात संग्रह अमीन केशवपुर निवासी शिवबहादुर सिंह 57 का बुधवार की रात हृदयगति रूकने से आकस्मिक निधन हो गया। वह अधिवक्ता संजय सिंह के बड़े भाई भी थे। शिव बहादुर के निधन की जानकारी मिलने पर गुरूवार को तहसील मे साथी अमीनों व अधिवक्ताओं मे शोक छा गया। अमीन संघ की ओर से हुई शोक सभा में शिव बहादुर के निधन पर दुख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शोक सभा की अध्यक्षता तहसीलदार न्यायिक सुप्रिया चतुवेर्दी व संचालन अमीन संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया। शोक सभा मे नायब तहसीलदार नवल किशोर शुक्ल, संघ के जिला मंत्री राजू तिवारी, प्रदीप सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, राजेन्द्र सिंह, बृजेन्द्र सिंह, किशोरी आदि रहे। इधर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व महामंत्री शेष तिवारी समेत अधिवक्ताओं ने भी साथी अधिवक्ता संजय के भाई के आकस्मिक निधन पर दुख जताया।

इंद्र नीलमणि रूप देखकर मन ही मन प्रसन्न हुई माता कौशिल्या: आचार्य भार्गव

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के लखनसेनपुर गांव में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा व शतचंडी महायज्ञ के छठवें दिन प्रभु के बाल्य रूप का बखान किया गया।सभी माताएं प्रभु के बाल लीलाओं को देखकर मन ही मन प्रसन्न हो रही है।

इस दौरान कथा का प्रवचन करते हुए आचार्य भार्गव मनीष जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम का बाल्य रूप इंद्र नीलमणि की तरह सुंदर है। श्यामवर्ण में प्रभु का रूप अति सुंदर व मन को मोह लेने वाला दिखाई दे रहा है।सभी माताएं प्रभु के इस सुंदर रूप का आनंद पाने के लिए उन्हें ही निहारती रहती है। प्रभु के इस अद्भुत लीला का रस पान करने के लिए साक्षात शिव जी भी कैलाश पर बैठकर लालायित हो रहे हैं। कौशिल्या जी इतनी भाग्यशाली है की उसी मनमोहक छवि का प्रतिदिन रस पान कर रही है। श्री राम के बाल्य रूप की सुंदरता की कोई सीमा नही है। कथा के मुख्य यजमान अरुण प्रताप सिंह व धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भगवान की आरती की। उसके बाद आचार्य व बड़ों का आशीर्वाद लिया,और कथा में आए हुए श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर केशव दत्त पाण्डेय,पन्ना पाण्डेय, बबन सिंह, देवनंदन मिश्र, आचार्य उमेश पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, अनिल प्रताप सिंह, हरकेश सिंह, शिवदर्शन सिंह, लालजी, प्रमोद सिंह, बाबूलाल सरोज, प्यारेलाल सरोज, बड़ेलाल सिंह, उदय सिंह, पिंटू सिंह चैहान, लाला सरोज, लल्लूराम पांडे, संजय सिंह समेत सैकड़ों भक्तो ने भगवान के बाल्य रूप के प्रसंग का आनंद लिया।

लखनसेनपुर में बह रही है राम रस धारा, भगवान के बाल्य रूप का हुआ वर्णन

श्रीराम कथा कहते आचार्य भार्गव।

शौचालय में लगी हुई पाइप उखाड़ ले गए आरोपी

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश की वजह से पड़ोसी आरोपियों ने महिला के शौचालय में लगा हुआ पाइप उखाड़ कर लेकर चले गए। मना करने पर पीड़ित महिला को मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी गांव की रहने वाली शहनाज बानो पत्नी मोहम्मद इम्तियाज ने बताया कि गुरुवार को उसके पड़ोसी उसके शौचालय में लगे हुए पाइप को उखाड़ कर ले जाने लगे उसने मना किया तो मां बहन की गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला के संबंध में आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है।

डीएम ने नाबार्ड द्वारा आयोजित शरद मेला का किया शुभारम्भ

जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रशंसा किया

अखंड भारत संदेश

प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिलाधिकारी तथा प्रदर्शनी में उपस्थित महिलाएं

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज विकास खण्ड परिसर मंझनपुर में नाबार्ड द्वारा आयोजित शरद मेला-स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं एफपीओ द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की लगायी गई स्टॉलों का अवलोकन एवं उत्पादों की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओ को केन्द्रित कर विभिन्न योजनायें संचालित की जा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक साथ सम्मिलित कर महिलाओ को जागरूक व लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओ के प्रयास एवं उत्कृष्ट कार्यों से यह योजना बहुत ही अच्छे तरीके से चल रहीं है, परन्तु अभी बहुत कुछ किया जाना है। उन्होंने नाबार्ड एवं आर-सेटी के अधिकारियों से कहा कि स्वयं सहायता समूह की और महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाया जाय, जिससे महिलायें स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि अपने उत्पादों को और बेहतर तरीके से पैकेजिंग व ब्राण्डिंग कर प्रयागराज व कानपुर जैसे बड़े शहरों में भी बिक्रय करें, जिससे अधिक लाभ मिल सकें। उन्होने महिलाओं से कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी कर लाभान्वित हों तथा आस-पास के लोगां को भी इन योजनाओं के प्रति जागरूक करें सहायक महाप्रबन्धक, नाबार्ड अनिल शर्मा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्वावलम्बन पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेंगा। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादन संगठन एवं स्वयं सहायता समूह के उत्थान के लिए नाबार्ड द्वारा हर सम्भव सहायता उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होंने कहा कि शरद मेला का आयोजना सद्भावना सेवा एवं शिक्षा संस्थान की देख-रेख में किया जा रहा हैं सचिव, सद्भावना सेवा एवं शिक्षा संस्थान श्री वशमी नकवी ने कहा कि नाबार्ड के इस प्रयास से जिले के पिछड़े एवं विशेषकर महिलाओं व किसानों को एक प्लेटफार्म मिला है, जिससे वे अपने द्वारा निर्मित उत्पादों का जनपद स्तर पर प्रचार व विपणन कर सकें एलडीएम जितेन्द्र चौधरी ने बैंको द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध करायी जा रहीं सुविधाओ एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह को कैम्प लगाकर सीसीएल ऋण दिया जा रहा है तथा बैंकिंग से सम्बन्धित किसी भी समस्या के लिए उनके कार्यालय से सम्पर्क कर सकतें है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नए विद्युत कनेक्शन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को प्रेरित किए जाने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार के निर्देशन में कौशांबी जनपद में विद्युत उपभोक्ता पहचान समाधान पखवाड़ा का आयोजन 1 फरवरी से 15 फरवरी तक किया जा रहा है अधीक्षण अभियंता विद्युत सतीश कुमार लोहाट ने एक विशेष मुलाकात में बताया कि विद्युत उपभोक्ता पहचान समाधान पखवाड़ा में केवाईसी के अंतर्गत पुनः स्थापना की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी आगामी 1 फरवरी से 15 फरवरी तक पुनर्स्थापना केवाईसी कार्य पूर्ण करने हेतु विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसके प्रचार प्रसार हेतु अधिशासी अभियंता उप खंड अभियंता अवर अभियंता को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर नए विद्युत कनेक्शन हेतु उपभोक्ताओं को प्रेरित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने बताया कि कटिया और अवैध संयोजन धारी उपभोक्ताओं को कैंप स्थल पर संयोजन उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है उन्होंने बताया कि टीमों का गठन किया गया है और कम से कम 2 सदस्यीय टीम को कटिया अवैध संयोजन धारी उपभोक्ता को नए संयोजन निर्गत करने की प्रक्रिया संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं प्रत्येक गांव में कैंप लगाए जाएंगे और केवाईसी विद्युत उपभोक्ता पहचान समाधान का आयोजन उसी दिन पूर्ण किए जाने के निर्देश अधिषासी अभियंता उपखंड अभियंता और अवर अभियंता को दिए गए हैं अभियान के दौरान अधिक लाइन लास वाले क्षेत्रों और ऐसे क्षेत्र जहां व्यापक संख्या में संयोजन दिए जाने की संभावना हो उन स्थानों को चिन्हित कर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश प्रबंध निदेशक ने भेजे हैं जिस के क्रम में टीमों का गठन किया गया और कैंप लगाए जा रहे हैं।

विद्युत उपभोक्ता पहचान और समाधान पखवाड़ा का आयोजन

कम से कम 2 सदस्यीय टीम को कटिया अवैध संयोजन धारी उपभोक्ता को नए संयोजन निर्गत करने की प्रक्रिया संपादित करने के निर्देश

साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए साइबर एक्सपर्ट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कौशांबी। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए साइबर एक्सपर्ट द्वारा 3 फरवरी को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में साइबर प्रशिक्षण और जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया है अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम बचाव हेतु रक्षित टण्डन साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट द्वारा जनपद कौशाम्बी में दिनांकः 03 फरवरी को समय 10.00 बजे से 17.30 बजे तक प्रशिक्षण जागरूकता का कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट द्वारा उक्त प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम में आई०टी० एक्ट के विवेचकों, साइबर सेल कर्मियों, सर्विलांस सेल कर्मियों अपराध शाखा एसओजी कर्मियों, थानों के साइबर हेल्प डेस्क महिला हेल्प डेस्क महिला बीट आरक्षियों तथा स्कूल कालेज के प्रधानाचार्यो अध्यापकों, चिकित्सकों पेंशनर्स सीनियर क्लासेज के विद्यार्थियों स्वयं सेवी संस्थानों के सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के लोगों विशेष रूप से महिला अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मिलित कराने के लिए संबंधित थानेदारों को अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया है तहसीलों एवं जनपद न्यायालय के बार एसोसिएशन के दस दस सदस्यों को साइबर अपराधों की रोकथाम बचाव हेतु आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रम में शामिल कराने के निर्देश थानेदारों को अपर पुलिस अधीक्षक ने दिया है।

गांव गरीब किसान के हित में नहीं बजट : राष्ट्रीय लोकदल

कौशाम्बी। राष्ट्रीय लोक दल कौशांबी के पूर्व जिला अध्यक्ष एव जिला प्रभारी किसान सदस्यता अभियान इमरान हैदर रिजवी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया यह बजट गांव गरीब और किसान के हित में नहीं है इस बजट से गरीबो और किसानों को सिर्फ निराशा हुई है पेश किया गया यह बजट किसानों के लिए छलावा और धोखा है इस बजट से महंगाई और बेरोजगारी को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पेश किए गया यह बजट पूंजी पतियों के लिए अच्छा कदम है।

बदलते परिवेश में रास्ते के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

योगी मोदी सरकार के विधायक सांसद मंत्री के साथ बसपा सपा के विधायक सांसद मंत्री से सड़क बनवाने की फरियाद कर चुके ग्रामीण, डिजिटल इंडिया में उबड़ खाबड़ कीचड़ युक्त रास्ते से निकलने को विवश हैं सैकड़ो ग्रामीण

कौशांबी। एक तरफ योगी मोदी सरकार डिजिटल इंडिया की बात कर रही है दूसरे तरफ योगी मोदी के सरकार में ग्रामीणों को आने जाने का रास्ता नहीं मिल रहा है यह कैसा डिजिटल इंडिया का सपना देशवासियों को दिखाया जा रहा है योगी मोदी सरकार के सांसद विधायक मंत्री भी ग्रामीणों की समस्या समाधान करने के प्रति कितना गंभीर है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है वर्तमान में मंझनपुर विधानसभा से विधायक इंद्रजीत सरोज पूर्व में बसपा सरकार में कबीना मंत्री भी रह चुके हैं लेकिन उन्होंने भी सड़क बना कर ग्रामीणों की समस्या के समाधान की पहल नहीं किया है जिससे उनकी भी घटिया सोच का अंदाजा लगाया जा सकता है। बभन पुरवा में सड़क ना बनाए जाने को लेकर बोलने से पहले योगी मोदी के मंत्री विधायक सांसद से लेकर अधिकारी तक के मुंह में दही जम गया है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनो के मजरा बभन पुरवा के पूर्वी भाग में अभी तक ग्रामीणों को सड़क नसीब नहीं हो सकी है एक बगीचे से ग्रामीणों का आना जाना है बरसात के दिनों में बगीचे में पानी भर जाने से रास्ता कीचड़ युक्त हो जाता है यदि गांव क्षेत्र का कोई व्यक्ति बीमार हो गया तो उसे अस्पताल पहुंचाने में भी मुसीबत से गुजरना पड़ता है। योगी सरकार के मंझनपुर विधायक लालबहादुर से भी 7 सितंबर 2018 को दर्जनों ग्रामीण मिले रास्ते ना होने की फरियाद की भाजपा सरकार में ग्रामीणों की फरियाद के बाद भी मंझनपुर विधायक लाल बहादुर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया विधायक निधि से भी सड़क बनवाई जा सकती थी लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर भी सड़क बनवाई जा सकती थी लेकिन उसके बाद भी मंझनपुर विधायक लाल बहादुर ने ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर दिया ग्रामीण लगातार जिलाधिकारी से मिलते रहे 6 अक्टूबर 2018 को जिला अधिकारी से ग्रामीण मिले 7 सितंबर 2018 को भी ग्रामीण जिलाधिकारी से मिले 20 जनवरी 2023 के बाद 23 जनवरी 2023 सहित दर्जनों बार ग्रामीण जिलाधिकारी से मिल चुके हैं लेकिन जांच के नाम पर केवल ग्रामीणों को लॉलीपॉप दिया जा रहा है लगातार ग्रामीण सड़क बनवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार ग्रामीणों की समस्या की ओर गंभीर नहीं है जिससे जनहित के मुद्दों पर सरकार की सोच का अंदाजा लगाया जा सकता है जिससे आम जनता के समस्याओं के समाधान के प्रति उनका नजरिया का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिस बगीचे से ग्रामीणों का आना जाना है उस रास्ते को भी बंद करने का लगातार प्रयास हो रहा है बगीचे की कुछ जमीन ग्राम समाज की है और कुछ जमीन भूमि धरी की बताई जाती है ग्राम समाज की भूमि से अभी तक किसी भी विभाग के अधिकारी ने सड़क का निर्माण करा कर ग्रामीणों को आने जाने का रास्ता नहीं उपलब्ध कराया है जिससे योगी सरकार के डिजिटल इंडिया की धज्जियां उड़ती दिख रही हैं बीते 4 वर्षों से लगातार ग्रामीण सांसद विधायक सहित उप जिलाधिकारी मंझनपुर जिला अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों को दर्जनों प्रार्थना पत्र देकर सड़क निर्माण कराने की मांग कर चुके हैं लेकिन ग्रामीणों का प्रार्थना पत्र जांच के नाम पर रद्दी में डाल दिया जाता है जिससे सड़क नहीं बन सकी है अधिकारी विधायक और नेताओं से सड़क बनवाने की मांग को लेकर मिलने वालों में अंकुर तिवारी पंकज कुमार अनिल कुमार पांडे देव कुमार तिवारी अनिल तिवारी रजनीश तिवारी महेश तिवारी प्रदीप कुमार तिवारी सुनील पांडेय सुशील पांडे सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

कोटेदार से पीड़ित कार्ड धारकों ने पूर्ति निरीक्षक से की शिकायत

कौशाम्बी। नेवादा बिकास खण्ड के ग्राम सभा भगवानपुर बहुगरा जठिया के कोटेदार से कार्ड धारक पीड़ित है और उन्होंने मामले की शिकायत क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक से कर कोटेदार पर कार्रवाई की मांग की है शिकायत कर्ताओ का कहना है कि कार्ड धारकों से अभद्रता घटतौली अनाज गेहूँ ना देना कोटेदार की आदत में शुमार है। शिकायती पत्र देते हुए ग्राम सभा भगवानपुर बहुगरा, जठिया ब्लाक नेवादा के ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार हरिश्चन्द्र कुशवाहा पुत्र स्व0 राम सिरोमणि निवासी बहुगरा लगभग 20 वर्षो से लगातार कोटा संचालन कर रहा है। जो बीते पांच वर्ष से कार्ड धारकों से अभद्रता करता है ग्रामीणों का कहना है कि राशन गल्ला 20 किलो देगा तो वह 16 किलो ही उतरेगा कार्ड धारकों को केवल चावल देता है गेहूँ मांगने पर भगा देना उसकी आदत में शुमार हो गया है ग्रामीणों का कहना है कि गेहूं की कालाबाजारी कर लेता है केवल अपने कुछ खास आदमियों को ही गेहूँ देता है। हमेशा शराब पीकर व अपने कुछ 2-4 आदमियों को शराब पिलाकर गरीब व असहाय लोगों को धक्का मुक्की कर भगा देना रोज की आदत में शुमार है।

रैली में शामिल नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी

स्वच्छ भारत मिशन के तहत निकाली गई रैली

भरवारी कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा भरवारी मे स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर क्षेत्र में मेहता रोड सहित विभिन्न मोहल्लों में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया जिसमें बैनर पोस्टर नारो के माध्यम से स्वच्छता पर जोर दिया गया है। नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिशाषी अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा के साथ नगर पालिका के कर्मचारियो वा सफाई कर्मचारियो ने रैली के माध्यम से नगर क्षेत्र में भ्रमण किया और बैनर पोस्टर नारे के माध्यम से नगर वासियों को जागरूक करते हुए स्वच्छता पर जोर दिया नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान की रैली के दौरान नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी और सफाई कर्मियों ने नगर वासियों ने कहा कि वह स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें जगह-जगह पर कूड़ा फेंक कर गंदगी ना फैलाएं निर्धारित स्थान पर घरों का कूड़ा रखें।

वाशिंग पाउडर खरीदने गई मासूम के साथ दुष्कर्म, जांच में जुटी पुलिस

अझुवा कौशाम्बी। जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में वाशिंग पाउडर खरीदने गई मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है,आरोप है कि दुकान में वाशिंग पाउडर लेने के लिए मासूम गई तो युवक ने जबरन मासूम को घर के अंदर घसीट लिया,शोर मचाने पर अंदर से दरवाजा बंद कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।घर पहुंच कर मासूम ने माँ को जानकारी दी,घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के होश उड़ गए।पीड़ित परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है पुलिस तहरीर के बाद जांच में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी बेटी कपड़े धुलने के लिए दुकान से वाशिंग पाउडर खरीदने गई थी तभी उसे युवक ने अपने घर के अंदर खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है।पीड़िता की मां को उसके घर पहुंचने पर जानकारी हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया,पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

25 वर्ष बाद भी रेप पीड़िताओं के मेडिकल जांच की नहीं हो पाई व्यवस्था!

अखंड भारत संदेश

बालिकाओं की समस्याओं का समाधान भाजपा सपा बसपा किसी भी पार्टी की सरकार में सांसद विधायक मंत्री नहीं कर सके

कौशाम्बी। जिले के गठन हुए 25 वर्ष बीत गए हैं लेकिन जिले में अभी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं बहाल हो सकी हैं इस बीच सूबे में समाजवादी पार्टी बहुजन समाज पार्टी और भारतीय जनता पार्टी तीनों की सरकार सत्ता में काबिज रह चुकी हैं लेकिन आम जनता की समस्याओं को दूर करने की ओर किसी भी सरकार उनके अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में जिले से इंद्रजीत सरोज कबीना मंत्री रहे भाजपा की सरकार में केशव प्रसाद मौर्य डिप्टी सीएम हैं लेकिन रेप पीड़िता महिलाओं बालिकाओं के मेडिकल जांच और उनके एक्सरे की जांच की व्यवस्था कौशांबी में नहीं हो सकी है प्रतिदिन एक महिला चिकित्सक रेप पीड़ितों की जांच के लिए जिला अस्पताल में मौजूद नहीं रहती है थाना पुलिस रेप पीड़िता को मंझनपुर जिला चिकित्सालय लेकर आती है तो मालूम चलता है कि आज सराय अकिल में ड्यूटी लगी हुई है और जब सराय अकिल जाती है तो मालूम चलता है कि आज चायल अस्पताल में ड्यूटी है कभी कड़ा धाम स्थित सीएचसी तो कभी मूरतगंज सीएचसी रेप पीड़िता को भेजा जाता है बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते इसी तरह रेप पीड़िताओं को पुलिस के साथ पूरे जिले का भ्रमण कराया जाता है मेडिकल की जांच होने के बाद कई कई दिन बीत जाने के बाद रेप पीड़िता बालिकाओं को मेडिकल रिपोर्ट नहीं मिल पाती है उसके लिए स्लाइड और अन्य जांच इलाहाबाद भेजा जाता है विभाग के अधिकारी से लेकर शासन स्तर के अधिकारी भी कौशांबी की चौपट व्यवस्था को बहाल करने के प्रति गंभीर नहीं है सांसद विधायक मंत्री ने भी इस गंभीर समस्या के समाधान की ओर अभी तक पहल नहीं की है सूबे में समाजवादी पार्टी बहुजन समाज पार्टी और भारतीय जनता पार्टी तीनों की सरकारें रह चुकी हैं आम जनता ने बहुजन समाज पार्टी में इंद्रजीत सरोज को विधायक बना कर भेजा जिन्हें सरकार ने कबीना मंत्री बनाया और भारतीय जनता पार्टी में जनता ने केशव प्रसाद मौर्या को विधायक बना कर भेजा जिन्हें सरकार ने डिप्टी सीएम बनाया लेकिन बालिकाओं की समस्याओं का समाधान किसी भी पार्टी की सरकार में सांसद विधायक मंत्री नहीं कर सके हैं।

प्रदूषण मुक्त अभियान की ओर चल पड़ा बाबा टीवीएस मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड संस्थान

सोलर पैनल सिस्टम लगाए जाने से संस्थान को लाखों रुपए महीने की डीजल पेट्रोल और विद्युत बिल जमा करने से हो रही है बचत

अखंड भारत संदेश

प्रदूषण मुक्त वातावरण करने में बैटरी कार का है अहम योगदान : अमित केशरवानी

कौशाम्बी। बैटरी से चलने वाली पहली कार जिले में खरीदने का गौरव बाबा टीवीएस के मालिक को मिला है बाबा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड भरवारी के मालिक अमित केसरवानी उर्फ गुड्डू भैया ने जिले में बैटरी से चलने वाली पहली कार खरीद कर जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने की पहल की है बैटरी से चलने वाली यह कार विद्युत जनरेटर से उर्जा लेकर चार्ज की जा सकती है तो सोलर पैनल से भी यह कार चार्ज की जा सकती है। बाबा टीवीएस के मालिक का कहना है कि उनके संस्थान में पहले से सोलर पैनल सिस्टम लगा हुआ है जिससे वह बैटरी से चलने वाली कार को विद्युत और जनरेटर से नहीं चार्ज करेंगे बल्कि अपने सोलर पैनल सिस्टम से कार की बैटरी को चार्ज करेंगे बैटरी से चलने वाली पहली बैटरी कार खरीद कर बाबा टीवीएस के मालिक ने जहां प्रदूषण से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया है वहीं उनका यह निर्णय जागरूकता का परिचय है कौशांबी जिले में बैटरी से चलने वाली यह पहली कार है उन्होंने पहली टाटा नेक्सन मैक्स कार 7.2 ईवी कीमत 20 लाख रुपए में खरीदी है एक विशेष मुलाकात में बाबा टीवीएस मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड भरवारी के मालिक अमित केसरवानी ने बताया कि सोलर पैनल बैटरी से कार को चार्ज करेंगे जिससे पैनल सिस्टम लगाने से डीजल और बिजली के लाखों रुपए महीने की खपत से राहत मिल रही है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2019 को लगभग 25 लाख रुपए लागत लगाकर उन्होंने 42 किलो वाट का सोलर पैनल सिस्टम संस्थान में लगाया था यह सोलर पैनल सिस्टम विभिन्न प्रकार से लाभकारी है इस संबंध में जब विद्युत अधिकारियों से बात कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो विद्युत अधिकारियों ने बताया कि 42 किलो वाट के लोड पर सवा लाख रुपए महीने से अधिक का विद्युत बिल विद्युत उपभोक्ता को जमा करना होगा यदि विद्युत अधिकारियों की बातों को गौर किया जाए तो सोलर पैनल सिस्टम लगाने के बाद 4 वर्ष में सोलर पैनल की कीमत से अधिक संस्थान के मालिकान को बिल अदा करना पड़ता संस्थान में सोलर पैनल सिस्टम लगाने से एक तरफ प्रदूषण से मुक्ति मिल रही है दूसरी तरफ बिजली विभाग के बढ़ते बिल से राहत मिल रही है प्रदूषण मुक्त जिला बनाने की पहल में पहले चलने वाले बाबा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड संस्थान भरवारी के मालिक को प्रोत्साहित सम्मानित करने से अन्य लोगों को इस सिस्टम से जोड़ने की पहल में सहायक हो सकता है।

बैटरी से चलने वाली पहली कार खरीदने का जिले में बाबा टीवीएस के मालिक को प्राप्त हुआ गौरव

उन्हें जनरेटर के डीजल पेट्रोल के खर्चों से राहत मिलेगी वहीं उन्हें विद्युत बिल से भी मुक्ति मिलेगी बैटरी से चलने वाली जिले की यह पहली कार है बैटरी से चलने वाली इस कार को खरीदने से जहां लाखों रुपए कीमत के डीजल पेट्रोल की बचत होगी वहीं उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण से आम जनमानस को राहत मिलेगी उन्होंने बताया कि बैटरी से चलने वाली इस कार का उपयोग छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने में करेंगे।

पारा हसनपुर में आपात्रों को आवास देकर मालामाल हो रहे पंचायत सचिव!

मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र में पीएम आवास के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं गरीब कमजोर और योजना के पात्र

कौशाम्बी। अधिकारियों की घोर उदासीनता और कर्मचारियों की सांठगांठ कमीशनखोरी के चलते प्रधानमंत्री आवास योजना अपने उद्देश्य से भटक चुकी है गरीब कमजोर प्रधानमंत्री आवास का लाभ पाने के लिए दर दर की ठोकर खा रहे हैं जबकि अपात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ खुलेआम दिया जा रहा है मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के पारा हसनपुर ग्राम पंचायत में आर्थिक स्थिति से संपन्न पक्के मकान वाले कई लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का गलत तरीके से लाभ दिया जा चुका है लेकिन अभी तक खंड विकास अधिकारी मंझनपुर ने अपात्र लोगो के आवास स्वीकृत के मामले को संज्ञान लेकर आवास निरस्त कर उनको दिए गए पहली किस्त की रिकवरी नहीं कराई है जिससे खंड विकास अधिकारी कार्यालय मंझनपुर से लेकर विकास भवन के अधिकारियों की मनसा का भी अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि पारा हसनपुर गांव में दर्जनों गरीब पीएम आवास योजना का लाभ पाने के लिए आए दिन विकास भवन से लेकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय तक का चक्कर काट रहे है लेकिन उन्हें प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं किया गया है जबकि गांव में 29 आवास स्वीकृत किए गए हैं जिनमें 15 अपात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दे दिया गया है कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी आपात्रों के आवास निरस्त नहीं हो सके हैं। बताया जाता है कि मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के पारा हसनपुर गांव में संजना देवी पत्नी बलबीर सिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है जिनके पास मुख्य सड़क पर 6 कमरे का पक्का घर पहले से बना है खेती किसानी के साथ-साथ तमाम अन्य आय के स्रोत हैं घर में गैस चूल्हा और सिलेंडर होने के बाद इन्हें पंचायत सचिव ने गरीब मानकर आवास योजना से लाभान्वित कर दिया है गांव के कुंदन सिंह पुत्र मोतीलाल के पास भी पांच कमरा का पक्का मकान पहले से बना हुआ बताया जाता है लेकिन फिर भी इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित कर दिया गया है अर्जुन सिंह पुत्र रामलाल का भाई सरकारी अध्यापक है अर्जुन सिंह के पास पक्के घर बने हुए हैं और अर्जुन सिंह के भाई के पास भी पक्का घर गांव में भी बना है ओसा चौराहा में भी इनका पक्का घर बना है संयुक्त परिवार है लेकिन फिर भी अर्जुन सिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है गांव के यमन सिंह पुत्र मुंसी सिंह के पास भी 6 कमरे का पक्का मकान पहले से बना हुआ है इनके पास ट्रैक्टर बाइक और अन्य तमाम संसाधन होने के बाद भी प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर दिए गए हैं अब सवाल उठता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की अधिकारियों ने कैसे निष्पक्ष जांच की है जिससे अपात्रों को पीएम आवास स्वीकृत हो गए हैं और गरीब कमजोर मजलूम और योजना के पात्रों को पीएम आवास नहीं मिल सके हैं अपात्रों के गलत तरीके से पीएम आवास स्वीकृत होने के मामले में योजना से जुड़े अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

संपादकीय

संत रविदास जी की शिक्षा आज के युग में भी प्रासंगिक है

पंद्रहवीं शताब्दी के महान संत, समरसता के संदेशवाहक ,समाज सुधारक ,आध्यात्मिकता के शिखर एवं भक्तिकाल के महान कवि संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती को माघ महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इसे रैदास जयंती नाम से भी जाना जाता है। रविदास्सिया समुदाय के अनुयायी इस दिन को वार्षिक उत्सव के रूप में मनाते हैं। वाराणसी में इनके जन्म स्थान जिसे श्री गुरु रविदास जनम अस्थान के नाम से जाना जाता है, वहाँ विशेष कार्यक्रम आयोजित होते हैं। जहाँ देशभर से लाखों की संख्या में रविदास जी के भक्त पहुँचते हैं। इस बार रविदास जयंती 5 फरवरी को मनाई जा रही है जो उनका 643 वाँ जन्म दिवस होगा। यह जयंती खासकर गुरु संत रविदास के जन्मोत्सव को मनाने के लिए लिए मनाई जाती है। रविदास जयंती हर वर्ष हिंदी महीनों के अनुसार माघ शुक्ल, माघी पूर्णिमा को आती है। संत रविदास जी को कभी संत शिरोमणि, कभी आध्यात्मिक गुरु और कभी-कभी रैदास, रायदास और रुहिदास भी कहा जाता है।

गुरु रविदास एक महान संत के साथ-साथ वैश्विक बंधुता, सहिष्णुता, आपस में प्यार व देशप्रेम का पाठ भी पढ़ाते थे। इस दिन सिखों में रामदासिया समुदाय द्वारा जगह जगह नगर कीर्तन का आयोजन किया जाता है। मंदिर, गुरुद्वारों में रविदास जी के दोहे ,भजन बजाये जाते है। रविदास जी द्वारा लिखे गए पद,भजन एवं अन्य रचनाओं को सिख शास्त्र गुरु गोविन्द ग्रन्थ साहिब में शामिल किया गया है। पांचवें सिख गुरु अर्जुन देव ने इसे सिखों के इस पवित्र ग्रन्थ में शामिल किया था। गुरु रविदास जी की शिक्षाओं के अनुयायियों को रविदास्सिया और उनके उपदेशों के संग्रह को रविदास्सिया पंथ कहते है। गुरु रविदास जी की सच्चाई, मानवता, भगवान् के प्रति प्रेम, सद्भावना देख, दिन पे दिन उनके अनुयाई बढ़ते गये। रविदास जी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य भक्त थे। वे जाति-पाति के नाम पर कोई भेद नहीं मानते थे तभी वे स्वयं को ब्राह्मण से कम नहीं आँकते थे इसलिए वे तिलक ,जनेऊ धारण कर राम भक्ति में लीन रहते जो कि रविदास जी की जाति समाज को पसंद नहीं था। अतः उनकी जाति वाले भी उन्हें आगे बढ़ने से रोकते थे। शुद्र लोग रविदास जी को ब्रह्मण की तरह तिलक लगाने, कपड़े एवं जनेऊ पहनने से नाराज थे। गुरु रविदास जी इन सभी बात का खंडन करते थे और कहते थे सभी इन्सान को धरती पर समान अधिकार है, वो अपनी मर्जी जो चाहे कर सकता है। उन्होंने हर वो चीज जो नीची जाति के लिए निषेध थी, करना शुरू कर दिया जैसे जनेऊ, धोती पहनना, तिलक लगाना आदि। जो लोग धर्म को अपनी बपौती मानते थे वे उनकी इन गतिविधियों के विरुद्ध थे। उन लोगों ने वहां के राजा से रविदास जी की शिकायत कर दी। रविदास जी इन सभी लोगों को बड़े प्रेम व विनम्रता से इसका जबाब देते थे। उन्होंने राजा के सामने कहा कि शुद्र का रक्त भी लाल है, एकसा दिल है, समान शरीर है तो उन्हें भी अन्य की तरह समान अधिकार होने चाहिए। माना जाता है कि रविदास जी ने भरी सभा में सबके सामने अपनी छाती को चीर दिया और चार युग सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग की तरह, चार युग के लिए क्रमशः सोना, चांदी, तांबा और कपास से जनेऊ बना दिया। राजा सहित वहां उपस्थित सभी लोग बहुत हैरान हुए।

आसाराम की सजा बहुत कम है

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आसाराम पिछले दस साल से पहले ही जेल में बंद है। अब उसे उम्र कैद की सजा हो गई है। 81 वर्ष का आसाराम पता नहीं अभी कितने साल और जिंदा रहेगा? जितना व्यभिचार और बलात्कार उसने किया है, उस हिसाब से उसे काफी लंबी उम्र मिल गई है। साधु-संत और मौलवी-पादरियों का पाखंड रचा कर जो धूर्त लोग भक्तों को बेवकूफ बनाते हैं, वे इतने ऊँचे कलाकार होते हैं कि उन्हें जेल में भी सारी सुविधाएं उपलब्ध हो जाती हैं। शायद उनकी दैनंदिन दिनचर्या जेल में कहीं बेहतर होती है, क्योंकि वहां मजबूरन ब्रह्मचर्य का पालन करना पड़ता है, भोजन वगैरह काफी संतुलित होता है और डाक्टरी परीक्षा भी नियमित होती रहती है। पाखंड फैलाने से बाहर जो दिमागी तनाव पैदा होता है, जेल के अंदर उससे भी मुक्ति मिली रहती है। इस आसाराम जैसे जितने भी देश में निराशाराम या झांसाराम हैं, वे सब असाधारण अपराधी हैं लेकिन हमारी न्याय व्यवस्था ऐसी है कि इन सामूहिक अपराध करनेवाले धूर्तों को भी वही सजा मिलती है, जो साधारण अपराधियों को मिलती हैं। यदि आसाराम दस साल और जिंदा रह गया तो आप जरा हिसाब लगाइए कि गरीब करदाताओं का कितना पैसा वह हजम कर जाएगा। आसाराम ही नहीं, उसकी तरह दर्जनों धूर्त साधु-संत इस समय जेल में बंद हैं। यदि ये साधु-संत अपने आप को महान आध्यात्मिक, पारलौकिक शक्ति संपन्न और जादू-टोना दिखाने वाले जादूगर मानते हैं तो ये अपनी रिहाई खुद ही क्यों नहीं कर लेते? यदि ये सचमुच असाधारण हैं तो इनकी सजा भी असाधारण क्यों नहीं होती? इन्हें किसी चांदनी चौक के चौराहे पर फांसी क्यों नहीं दी जाती? ताकि सारा देश उस दृश्य को देखे और सारे पाखंडी गुरू-घंटालों की हड्डियां कांप उठें। ऐसा नहीं है कि ये पाखंडी सिर्फ हिंदुओं के बीच ही होते हैं। यूरोप के ईसाई इतिहास का एक लंबा समय ह्यअंधकार युगह्न माना जाता है, क्योंकि पोप तक को इन काले धंधों में अपना मुंह काला करते पाया गया है। कोई मजहब इस तरह के धूर्त्तों से मुक्त नहीं है, क्योंकि सारे धर्म, संप्रदाय और मजहब अंधविश्वास पर आधारित हैं। दुनिया को ठगने का यह सर्वोत्तम उपाय है। जो साधु-संत-संन्यासी, मुनि, पादरी, मौलवी आदि पवित्र और सत्यनिष्ठ हैं, उनके दुख का अनुमान मैं लगा सकता हूं लेकिन उनसे मेरी शिकायत यह भी है कि ऐसे मामलों पर वे चुप्पी क्यों साधे रहते हैं? वे इन पाखंडियों के खिलाफ अपना मुंह क्यों नहीं खोलते? क्या वे अपने आप से डरे हुए हैं?

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)

आसमान की यात्राओं के अराजक होने की त्रासदी

ललित गर्ग

आज देश ही नहीं, दुनिया में व्यक्ति हिंसक एवं अराजक होता जा रहा है। हिंसा का बढ़ता प्रभाव मानवीय चेतना से खिलवाड़ करता है और व्यक्ति स्वयं को निरीह अनुभव करता है। इन स्थितियों में संवेदनहीनता बढ़ जाती है और जिन्दगी सिसकती हुई प्रतीत होती है। ऐसी स्थितियों का बढ़ना गहन चिन्ता का विषय है। यह चिन्ता तब ज्यादा बढ़ जाती है एवं परेशान करती है जब अति संवेदनशील हवाई यात्रा के दौरान ऐसी घटनाएं देखने को मिलती है। शराब के नशे में उद्दण्डता करना, किसी पर थूक देना, किसी पर पेशाब कर देना या किसी को थप्पड मार देने जैसी घटनाएं हवाई सफर के दौरान होना विमान अधिनियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ हवाई सफर को खतरे में डालना है। सोमवार को अबू धाबी से मुंबई के लिए चले एक विमान में ऐसी ही अराजक स्थितियां उत्पन्न हुई, जब चालक दल के सदस्यों की ओर से अनधिकृत गतिविधि से रोके जाने पर एक महिला यात्री ने एक कर्मी के चेहरे पर घूंसा जड़ दिया और अशिष्ट व्यवहार किया। विमान यात्रा के दौरान यात्रियों द्वारा महिला कर्मियों से छेड़छाड़, अशिष्ट एवं बेहूदी घटनाएं होना तो आम बात रही है। विमान यात्रा पर लग रहे इन दागों एवं धब्बों को धोना जरूरी है।

वर्तमान के संदर्भ में देखा जाए तो लगता है, मनुष्य की मानसिकता हिंसक, अराजक एवं असंतुलित होती जा रही है, ऐसी स्थितियां स्वयं के साथ अन्य लोगों के जीवन को संकट में डालती है। शांति, संतुलन, मयार्दा एव अहिंसा के मूल्य लुप्त होते जा रहे हैं, महापुरुषों के स्वर कहीं शून्य में खो गए हैं। जीवन के श्रेष्ठ मूल्य व्यवहार के धरातल पर अर्थहीन से हो रहे हैं। तभी विश्व मानव में सामाजिक असंवेदनाओं, हिंसा एवं अराजकता की त्रासद स्थितियां देखने को मिल रही है। विश्व अणु-परमाणु हथियारों के ढेर पर खड़ा है। दुनिया हिंसा की लपटों से झुलस रही है। अर्थ प्रधान दृष्टिकोण, सुविधावादी मनोवृत्ति, उपभोक्ता संस्कृति, सांप्रदायिक कट्टरता, जातीय विद्वेष आदि स्थितियों ने मानवता की काया में न जाने कितने गहरे घाव दिये हैं। अराजकता के बीज, संवेदनहीनता एवं हिंसा के दंश जमीन से लेकर आसमान तक पसरे हैं जो इंसान को संकट में डाल रहे हैं।

यह सर्वविदित है कि विमान की उड़ान हर स्तर पर बेहद संवेदनशील एवं नाजूक होती है और उसमें कोई मामूली चूक एक त्रासद नतीजे या दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिये उड़ान के दौरान न केवल सुरक्षा की कसौटी पर हवाई जहाज में तकनीकी स्तर पर सौ फीसद परिणाम सुनिश्चित किए जाते हैं, बल्कि उसमें सवार चालक दल सहित हर व्यक्ति की गतिविधि यात्रा का पूरी तरह सुरक्षित होना तय करती है। विमानकर्मियों को इसलिये गहन प्रशिक्षण दिया जाता है, अनुशासन एवं मयार्दा के साथ-साथ शालीन-शिष्ट व्यवहार सिखाया जाता है, ताकि यात्रियों की यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हो एवं उन्हें यात्रा का सुखद अनुभव हो। लेकिन विमानयात्रियों के लिये ऐसी कोई आचार-संहिता का समुचित प्रशिक्षण न होने से वे अवांछनीय एवं अराजक होने के साथ हिंसक भी हो जाते हैं। विमान की उच्चस्तरीय एवं व्यवहारक्षम सेवाओं के होने के बावजूद नए यात्रियों के लिए भी विमान के भीतर हर गतिविधि के लिए लिखित निर्देश होते हैं, चालक दल के सदस्यों की ओर से घोषणाएं की जाती हैं और जरूरत पड़ने पर किसी बात को समझने में मदद भी की जाती है। अगर चालक दल से कार्य-दायित्व में कोई कोताही होती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। इन सब स्थितियों के होने के बावजूद कुछ यात्रियों को अपने व्यवहार पर नियंत्रण रखना जरूरी नहीं लगता है, और वे अपनी सीमाओं एवं मयार्दाओं का उल्लंघन करने पर आमादा हो जाते हैं जिससे पैदा जोखिम की जद में वह खुद भी होता है।

पिछले कुछ समय की कतिपय यात्रियों की गैरजिम्मेदाराना एवं अराजक घटनाओं ने यह सवाल उठा दिये हैं कि कोई यात्री क्या इस बात को लेकर पूरी तरह निश्चिंत एवं सुरक्षित हो सकता है कि उसके साथ अराजक या अनुचित बरताव नहीं होगा! विमानकर्मियों के साथ यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा यह सवाल इसलिये गंभीर है कि पिछले दिनों विमान में शराब पीने के बाद कुछ यात्रियों के अभद्र एवं अशिष्ट व्यवहार की वजह से जैसे हालात पैदा हुए

यात्रा चाहे रेल की हो या सड़क मार्ग की उनमें हिंसा एवं अराजकता की स्थितियां आम बात है। आजकल सड़क पर चलते वक्त किस व्यक्ति का मानसिक असंतुलन, क्रोध या तनाव हिंसा में बदल जाये कहां नहीं जा सकता, लेकिन आमतौर पर विमान से यात्रा को व्यवस्था के लिहाज से हर स्तर पर सुरक्षित और सहज माना जाता है, जिसमें लोगों को कोई परेशानी न हो। लेकिन वहां भी हिंसक एवं अराजक स्थितियों का उग्र होना चिन्ता का कारण है। विडंबना यह है कि कई बार खुद किसी यात्री की हरकतें न केवल अवांछित होती हैं, बल्कि उससे समूचे विमान की सुरक्षा संकट में पड़ जाती है। इस वर्ष की शुरूआत में ही शराब पीकर हंगामा करने, लापरवाही आपातकालीन दरवाजा खोल देने या किसी विमान परिचारिका से छेड़खानी करने की ऐसी कुछ घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जो विमान यात्रा में जोखिम की वजह मानी जा सकती हैं। पिछले कुछ समय की कतिपय यात्रियों की गैरजिम्मेदाराना एवं अराजक घटनाओं ने यह सवाल उठा दिये हैं कि कोई यात्री क्या इस बात को लेकर पूरी तरह निश्चिंत एवं सुरक्षित हो सकता है कि उसके साथ अराजक या अनुचित बरताव नहीं होगा! विमानकर्मियों के साथ यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा यह सवाल इसलिये गंभीर है कि पिछले दिनों विमान में शराब पीने के बाद कुछ यात्रियों के अभद्र एवं अशिष्ट व्यवहार की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने स्वाभाविक ही उड़ान के दौरान प्रबंधन और व्यवस्था के लडखड़ाने के साथ अन्य यात्रियों को भारी तकलीफ एवं तनाव झेलना पड़ा।

अन्तर्राष्ट्रीय विमान सेवाओं में शराब परोसे जाने का प्रचलन रहा है। शराब के सेवन के बाद किसी यात्री का बेकाबू, अश्लील, असंतुलित एवं आक्रामक व्यवहार होना स्वाभाविक है। इस तरह के व्यवहार से महिला कर्मियों को जटिल स्थितियों का सामना करना पड़ता है। जाहिर है, व्यवस्था के स्तर पर ऐसी बाधा से निपटने के क्रम में शराब परोसने की प्रवृत्ति को रोकना विमान प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी होना चाहिए। शायद यही वजह है कि अब एअर इंडिया ने अपनी उड़ान के दौरान यात्रियों को शराब परोसे जाने की नीति में बदलाव करने का फैसला किया है। आसमान में होने वाली इन अराजक, अश्लील एवं आक्रामक घटनाओं के क्रम में शराब पीकर किसी यात्री के द्वारा अन्य यात्रियों या फिर चालक दल के सदस्यों से अभद्र, आक्रामक एवं अराजक बर्ताव किया जाना दूसरे यात्रियों के परेशानी के सबब तो थे ही, इन घटनाओं ने विमान सेवाओं पर भी अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं। निश्चित ही बार-बार घटने वाली इन घटनाओं एवं बेलगाम बर्ताव की वजह से समूची उड़ान को खतरे में नहीं डाला जा सकता, नतीजतन उन पर नियंत्रण के लिये विमान अधिनियमों एवं कानूनों में सख्ती लाना जरूरी है, लेकिन ऐसी घटनाओं पर वास्तविक नियंत्रण के लिये विमान में सफर करने वाले लोगों को अपने स्तर पर ही इस बात का खयाल रखना चाहिए कि जिस तरह वे अपने लिए सुरक्षित और सहज यात्रा की अपेक्षा करते हैं, उसी तरह उनकी वजह से किसी अन्य को कोई परेशानी न हो। नागर विमानन महानिदेशालय को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए व्यवस्था, शिष्टता और सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय मानकों के लिए मशहूर रही विमान यात्रा को अराजक होने से बचाने के पुख्ते इंतजाम करने चाहिए।

प्रेषकः

बजट 23-24 भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाएगा

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारतीय बजट 2023-24 पर नजरें टिकी रही। बीते वर्षों की अपेक्षा सबसे कम समय 87 मिनट की बजट घोषणा के तुरंत बाद सेंसेक्स में उछाल दर्ज किया गया जो करीब 1050 अंक से बढ़ा, इस बाजार के दूरगामी परिणाम हमें देखने को मिलेंगे।भारत के कदम अब विजन 2047 की ओर तेजी से बढ़ेंगे। इस बजट में मानवता का सम्मान भी दिखा क्योंकि मेनहोल अब मानव नहीं बल्कि मशीनें ही खोलेगी। बजट के में अनेक छोटी-छोटी बातों का जिक्र भी किया गया जो गरीबों को मुफ्त अनाज की सीमा 31 जनवरी 2024 तक बढ़ाई गई एमएसएमई स्कीम की भी सीमा 31 मार्च 2023 से आगे बढ़ाई गई। पर्यावरण पर 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य, जेल में बंद गरीबों को अब सरकार न्यायपालिका में लीगल सहायता देकर छुड़ाएगी, पीएम कौशलता विकास वर्जन 4.0 शुरू होगा, 30 स्किल इंडिया सेंटर बनेंगे, गोवर्धन स्कीम शुरू होगी, महिलाओं बुजुर्गों को विशेष सुविधाएं सहित मुख्य रूप से इस बजट में अनेक विशेषताएं रही जो इस प्रकार है। वरिष्ठ नागरिकों याने 60 साल से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों के लिए बचत खाता योजना में अधिकतम जमा सीमा को 15 से बढ़ाकर 30 लाख किया गया है। बता दें कि पिछले साल 15 लाख से अधिक जमा पर 30 प्रतिशत टैक्स था अब 30 लाख तक टैक्स जीरो, महिलाओं के लिए महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट का प्रस्ताव जिसमें दो लाख के लिए जमा पर 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जमा करने की सीमा अधिकतम 2 लाख तक तथा बीच में थोड़े पैसे निकालने की सुविधा होगी। हम बजट की मुख्य 10 बातों पर अगर ध्यान दें तो (1) स्लैब में छूट बढ़ाकर तीन लाख की गई और वेतन भोगी कर्मचारियों की छूट सीमा 5 से बढ़ाकर 7 लाख की गई है। (2) टैक्स स्लैब को 7 से घटाकर पांच किया गया है (3) रेलवे को 2.40 लाख करोड़ का बजट जो पिछले 10 सालों से सर्वाधिक है, पिछले साल से 4 गुना और सन 2013-14 से 9 गुना अधिक है।(4)लंबी अवधि के प्रोजेक्ट पर 10 लाख करोड़ का प्रावधान (5) वाणिज्य विवाद को निपटाने के लिए नई विवाद निपटारा योजना(6) चुनिंदा सरकारी एजेंसियों के सभी डिजिटल सिस्टम के लिए सबको एक पैन पहचान पत्र के रूप में देने का प्रावधान (7) 87 मिनट के भाषण में अत्यधिक उपलब्धियां(8) वित्तीय घाटे का लक्ष्य 5.9 प्रतिशत करना जो वर्तमान में 6.4 प्रतिशत है (9) कृषि क्षेत्र में कर्ज का लक्ष्य 20 लाख करोड़ (10) पीएम आवास योजना फंड 79 हजार करोड़ जो 66 प्रतिशत अधिक है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन फील्ड को बढ़ावा दिया जाएगा।

साथियों बात अगर हम आम बजट में कुछ निराशा की करें तो स्वाभाविक है, हर व्यक्ति हर क्षेत्र हर पोर्टफोलियो में शायद कुछ ना कुछ मांगे अधूरी रह जाती है। इस सृष्टि पर सभी खुश नहीं रह सकते। तारीफ से आलोचना और आशा से निराशा जुड़ी रहती है,इसलिए हमें उम्मीद थी किआयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 सी,80 डी, 80 ई की सीमाएं बढ़ाई जाएगी, स्लैब के रेट में सिर्फ 50, हजार ही बड़े, लेकिन उम्मीद थी करीब एक लाख बढ़ेगा। धारा 54 की उपधाराओं में फायदे की उम्मीद थी, होम लोन की ब्याज कटौती सीमा बढ़ने की उम्मीद सहित अनेक उम्मीदों पर फिलहाल 1 वर्ष के लिए पानी फिर गया है। परंतु फिर भी बजट बहुत हद तक संतुलित ही दिखा।

साथियों बात अगर हम बजट 2023-24 के दूरगामी परिणामों वाले उपायों की करें तो, वित्त मंत्री ने बजट 2023-24 की 7 प्रमुख प्राथमिकताएं, समावेशी विकास, अंतिम मील तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र गिनाईं. उन्होंने कहा कि दुनिया ने भारत को एक चमकते सितारे के रूप में मान्यता दी है, चालू वित्त वर्ष के लिए हमारी आर्थिक वृद्धि 7.0 फीसदी अनुमानित है, यह महामारी और युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर वैश्विक मंदी के बावजूद सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। नए टैक्स स्लैब के तहत अब 15 लाख रुपये की सालाना आय वाले व्यक्ति को 1.87 लाख रुपये की जगह अब 1.5 लाख रुपये का कर भुगतान ही करना होगा, याने 37 हजार की बचत होगी। इसी तरह 9 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले व्यक्ति को अब केवल 45, हजार रुपये का कर भुगतान करना होगा, उन्होंने कहा कि यह बजट गांव, गरीब, महिला, मजदूर, मध्यम वर्ग, नौजवान और किसान सभी के लिए है। इस बजट से देश के सभी क्षेत्रों व हर राज्य के लोगों को फायदा होगा। यह एक ऐसा बजट है जो भारत को आगे ले जाएगा, आम बजट पेश करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमने एमएसएमई को राहत दी है। बजट में महिला सशक्तिकरण, पर्यटन पर जोर दिया गया. हम फिनटेक, औद्योगीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था को भारत की डिजिटल शक्ति के रूप में देख रहे हैं। कृषि ऋण में काफी वृद्धि हुई है, व्यक्तिगत आय कर सुनिश्चित करना, जिसमें बदलाव देखा गया है और यह लंबे समय बाद हुआ है। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस बजट में 4 मुख्य प्वाइंट है, इनमें महिलाओं का सशक्तिकरण, टूरिज्म के लिए एक्शन प्लान, विश्वकर्मा यानी कारीगरों के लिए पहल और ग्रीन ग्रोथ शामिल हैं। बजट का जोर मुख्य रूप से इन चार बिंदुओं पर रहा। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि पैन अब राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में जाना जाएगा। बजट में घोषणा की गई कि इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, खिलौने और देसी मोबाइल सस्ते होंगे। वहीं, चिमनी, कुछ मोबाइल फोन और कैमरे के लेंस, सिगरेट सोना, चांदी, प्लैटिनम महंगा होगा।साथियों बात अगर हम बजट के पार्ट वन और पार्ट टू के प्रस्ताव की करें तो इसके बारे में हम करीब करीब सभी व्यवस्थाओं की चर्चा और संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023 की चर्चा हमने केंद्रीय आम बजट 2023-24 विशेष भाग 1 में की है और आगे चलकर उनका अध्ययन कर उसकी क्यूरीस और इसका समाधान भी आगे के आर्टिकल्स में करते रहेंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि केंद्रीय बजट 2023 -24 पर विशेष है बजट 2023-24 भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाएगा। अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर की ओर अग्रसर हुई है।

देश में अमृतकाल, बजट से मालामाल या बुरे होंगे हाल

-प्रियंका सौरभ

मोदी सरकार 2024 के लिए एजेंडा सेट कर रही है और विपक्ष भी अपनी पिच तैयार कर रहा है। आज बजट के जरिए सरकार ने अपनी अर्थनीति देश के सामने रख दी। इस अर्थनीति के बैकड्रॉप में राजनीति भी है। सरकार ने मिडिल क्लास को खुश करने वाला दांव चल दिया है। किसान के खलिहान और गरीब की थाली के लिए अपनी थैली खोल दी है। अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह मोदी सरकार का आखिरी पूर्ण बजट है. केंद्रीय बजट से आम आदमी से लेकर उद्योग जगत को भी कई उम्मीदें हैं, कोरोना महामारी के बाद भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था की हालत दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले बेहतर है, फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था जी 20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली इकोनॉमी है, हालांकि,देश की इकोनॉमी की रिकवरी तेज करने, कर्ज के बोझ में कमी लाने, मध्यम वर्ग को राहत देने और राजकोषीय घाटा कम करने जैसी बड़ी चुनौतियां हैं. साल 2023 उस समय को दिखाता है जब भारत अमृत काल में प्रवेश कर रहा है. आने वाले 25 सालों में 2047 का साल आएगा, जो हमारी स्वतंत्रता का 100वां साल होगा.. व्यक्तिगत कर में मोदी सरकार ने नौकरीपेशा वर्ग को बड़ी राहत दी है. अब नई कर व्यवस्था के तहत 7 लाख तक की सालाना आय टैक्स-फ्री हो गई है. यह छूट पहले 5 लाख तक थी. पुरानी कर व्यवस्था के तहत कर छूट की सीमा अब 2.5 लाख से बढ़ाकर 3 लाख तक कर दी गई है. वहीं टैक्स स्लैब में भी बदलाव हुआ है. अब 0 से 3 लाख रुपये- 0, 3 से 6 लाख रुपये झ 5%, 6 से 9 लाख रुपये झ 10%, 9 से 12 लाख रुपये झ 15%, 12 से 15 लाख रुपये झ 20%, 15 लाख से ऊपर की सालाना आय पर झ 30% टैक्स लगेगा. नए टैक्स सिस्टम में अब ज्यादा इंसेंटिव दिए जा रहे हैं. इससे टैक्सपेयर्स बिना किसी संकोच के पुराने से नए टैक्स रीजीम में शिफ्ट कर सकेंगे जिनकी आमदनी 7 लाख रुपये तक है, उन्हें एक रुपये भी टैक्स नहीं देना होगा, लेकिन उनकी आमदनी 7 लाख से एक रुपये भी बढ़ जाती है तो उन्हें टैक्स देना होगा सबका साथ - सबका प्रयास के जरिए जनभागीदारी की जरूरत को ध्यान में हुए अमृत काल के लिए मजबूत वित्तीय क्षेत्र के साथ एक तकनीक-संचालित एवं ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला यह बजट है। इनमें समावेशी विकास, अंतिम मील तक पहुंच, अवसंरचना एवं निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र इन मुद्दों का समावेश है। देश के विकास के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास बेहद जरूरी है। सड़क, रेल, बिजली, स्वास्थ, शिक्षा और खेती से जुड़े महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया गया निवेश मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही व्हेईकल स्कैपिंग पॉलिसी को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए अनेक नई योजनाओं जैसे 2,200 करोड़ रुपये का आत्मनिर्भर स्वच्छ योजना कार्यक्रम, वैकल्पिक उर्वरकों और उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम योजना का प्रावधान किया गया है।

दूसरी तरफ मैडम वित्तमंत्री की बहुत तारीफ हो रही है। 41 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला और 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन।देश की जनसंख्या कितनी है? देश में अमीर कितने हैं? सिर्फ दो?या दो सौ?या दो हजार या दो लाख? कर्मकांड, आस्था, ाजनीति और भक्ति,राष्ट्रवाद को छोड़े बिना अर्थव्यवस्था को भी समझें। अर्थशास्त्री के छात्र और शिक्षक हमें अर्थशास्त्र समझा दें तो बेहतर। दुनिया मंदी की चपेट में हैं। छंटनी की बहार है और हमारे बच्चों ने पिछले तीन दशकों से कुछ नहीं सीखा आईटी और कम्प्यूटर के सिवाय। अब बच्चों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी से होगा रोजगार सृजन? स्टार्ट अप से? संविदा नौकरी से? फाइव जी से? आर्टिफिशियल टैलेंट से? ऑनलाइन क्लास का नतीजा यह है कि स्कूली बच्चे भी प्रेम में आत्महत्या कर रहे हैं। लिव इन में बुराई नहीं है।लेकिन ब्रेक अप के बाद गर्ल फ्रेंड के खिलाफ हिंसा,अपराध? नशे का शिकंजा? किसानों को कर्ज से होगा कृषि विकास और विकास एनजीओ और पीपीपी के भरोसे? सात लाख की आय तक इनकम टैक्स नहीं देना होगा।स्वागत है।जनता मालामाल हो गई। स्थाई नौकरी कितने करोड़ लोगों की है?

ढोंग का रोग

डॉ. सुरेश कुमार

जमाने को बदनाम करते हुए इंसान कब मशीन बन जाता है, पता ही नहीं चलता। सुबह बसेरा छोड़कर ऑफिस जाता है टेंशन मोल लेने। आखिरकार टेंशन तो टेंशन है। यह कांट्रब्यूटरी पेंशन तो नहीं कि रिटायरमेंट के बाद एक साथ थोक में मिलेगा। यह ओल्ड पेंशन की तरह है जो किश्तों में मिलता रहता है। ऐसा नहीं है कि टेंशन मिटाने के तरीके नहीं है। हैं, लेकिन अपने तरीके के। टेंशन मिटाने के तीन तरीके होते हैं। एक शराब पीकर थोड़ी देर के लिए भुला दो। दूसरा, बसेरे में रहने वालों पर भड़ास के रूप में उल्टी कर दो। तीसरा, आत्महत्या कर लो। ऐसे दौर में गृहस्थी करना कार्बन डाइ आक्साइड के बीच आक्सीजन की खोज करने की तरह है। आजकल की बात है। एक दंपत्ति की एक संतान थी। वह बचपन में संतान और बड़ा होने के बाद पालतु की तरह व्यवहार करने लगा। दंपत्ति संतान पर बहुत विश्वास करते थे, क्योंकि वह उन्हीं का खून था। उन्हें क्या पता कि अपनों के खून में भी मालवायरस का अटैक अक्सर हो जाता है। संतान भी माता-पिता के साथ पूरे तन-मन से ढोंग करता था, लेकिन वह भी चमकते सोने की तरह। अपने चरित्र का असली पीतल हमेशा छिपाए रखता था। माता-पिता पुरानी सोच के साथ जैसे-जैसे पुराने पड़ते जा रहे थे, वह उतना ही आधुनिक बनता जा रहा था। मटका फूटकर फ्रिज बन गया, सिलबट्टा जाकर मिक्सर, गिल्ली-डंडा कब क्रिकेट बन गया पता ही नहीं चला। माता-पिता जब भी विश्राम करना चाहते संतान उनके लिए रिक्लायनर वाली कुर्सी आगे कर देता था।

फटाफट खबरें

डॉ लोहिया-अम्बेडकर के सपनों का भारत बनाना चाहती है सपा: अनिल प्रधान: आपका विधायक, आपके द्वार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आपका विधायक, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने कर्वी क्षेत्र के इंटखरी, बारामाफी, कादरगंज, रमयापुर, मकरी, भंभौर, हिनौतामाफी और वीरा गांव में भ्रमण व चैपाल में कहा कि समाजवादी पार्टी डॉ अम्बेडकर के बनाये संविधान व सोंच वाली पार्टी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव महापुरुष डॉ लोहिया, डॉ अम्बेडकर व सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाना चाहते हैं।

गुरुवार को सपा विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि देश व प्रदेश की आबादी में 97 फीसदी दलित, पिछडा और महिलायें हैं। देश का सम्पूर्ण विकास तब तक सम्भव नहीं है, जब तक दलित, पिछडा व महिलाओं का विकास नहीं होता। भाजपा व आरएसएस की सोंच दलित, पिछडा और महिलाओं के प्रति नफरती है। सशक्त भारत के निर्माण में किसानों, मजदूरों और महिलाओं की अहम भूमिका है। संघर्षों और आन्दोलन से जन्मे भगवान राम की कर्मस्थली में सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि सपा के एजेंडे में विकास, दलित, पिछडा, शोषित समाज और महिलाओं की समस्या तथा सशक्तीकरण किस तरह से हो, पढे-लिखे नौजवानों को रोजगार मिले, कमर तोड महंगाई से आम आदमी को निजात मिले।

उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास की योजनायें लाना, शिक्षा व्यवस्था सुधारना, गरीब, किसान, मजदूरों को इलाज को जिले के बाहर न जाना पडे, एक जनप्रतिनिधि के रुप में जनता ने जो भरोसा व विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरना ही उनकी प्राथमिकता है। जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के प्रधानमंत्री व योगी की सोंच पुरातनवादी है। 21वीं सदी के भारत में गरीब, दलित, पिछडा और महिलाओं को सम्मान देना उनके प्रति समान भाव रखना ही सशक्त भारत का निर्माण होगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा धर्म के सहारे सत्ता में आई है। समाज व लोगों के बीच वैमनस्यता के भाव पैदा करके वोट लिया है। उसी मानसिकता से शासन चला रही है। भ्रम फैलाना भाजपा का चरित्र और इतिहास रहा है। सीएम योगी के दूसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर भी गरीबों की दुकानों और घरों में बुलडोजर चल रहा है। इस मौके पर सपा नेता मान सिंह पटेल, प्रधान सरनाम यादव, चन्द्रशेखर यादव, रामसफल यादव, मनोज यादव, प्रधान जनार्दन पटेल, राजा यादव, रामप्रसाद वर्मा आदि मौजूद रहे।

हमारा आंगन, हमारे बच्चे के तहत हुआ कार्यक्रम, चहक में बच्चों ने पेश किये कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। शासन के निर्देशानुसार चहक कार्यक्रम के तहत हमारा आंगन, हमारे बच्चे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम नवदीप शुक्ला, विशिष्ट अतिथि बीडीओ, बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक कुमार गर्ग, ब्लाक अध्यक्ष अशोक वर्मा की मौजूदगी में मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर किया गया।

गुरुवार को सरस्वती वन्दना के बाद कम्पोजिट विद्यालय बियावल और स्वागत गीत पूर्व माध्यमिक विद्यालय चित्रवार की छात्राओं ने पेश किया। बाल वाटिका और कक्षा एक के बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। खण्ड शिक्षाधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय ने कार्यक्रम की रुपरेखा विस्तार से बताई। एआरपी छविलाल प्रजापति, सुशील पाण्डेय, आनन्द मिश्र, महेश कुमार ने निपुण भारत मिशन पर विचार पेश किये। मुख्य अतिथि/एसडीएम नवदीप शुक्ला ने कार्यक्रम को सराहते हुए हर समय सहयोग देने को कहा।

खण्ड विकास अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बच्चों को शुभ आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में तकरीबन 160 आंगनबाडी कार्यकत्री एवं नोडल शिक्षक मौजूद रहे। 12 सप्ताह चले स्कूल रेडीनेस के तहत उत्कृष्ट शिक्षकों, आंगनबाडी कार्यकत्रियों और बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र बांटे गये।

बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों का होगा प्रवेश: बीएसए

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम- 2009 की धारा 12 एक ग के तहत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायता मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक व पूर्व माध्यमिक कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं लॉटरी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के संबंध में कार्य एवं तिथियां निर्धारित की गई हैं।

गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने बताया कि प्रथम चरण में छह से 28 फरवरी आवेदन करने की तिथि एक से 10 मार्च तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के यहां से आवेदन पत्र का सत्यापन कर लाक करने की तिथि 12 मार्च को लॉटरी निकालने व चार अप्रैल तक बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा

विद्यालयों में प्रवेश कराने की तिथि, द्वितीय चरण में 14 मार्च से छह अप्रैल तक आवेदन करने की तिथि सात से 17 अप्रैल तक सत्यापन कर लाक करने की तिथि 19 अप्रैल को लॉटरी निकालने की तिथि एवं 28 अप्रैल तक विद्यालयों में प्रवेश कराने की तिथि तथा तृतीय चरण में 20 अप्रैल से 12 मई तक आवेदन करने की तिथि 11 मई से 23 जून तक आवेदन पत्र का सत्यापन कर लाक करने की तिथि 25 जून तक लॉटरी निकालने की तिथि पांच जुलाई तक विद्यालय में प्रवेश कराने की तिथि निर्धारित की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रवेश को निम्न शर्तें निर्धारित की गई हैं। अलाभित समूह द्वारा सरकार की अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग एचआईवी कैंसर पीड़ित माता-पिता अभिभावक का बच्चा निराश्रित बेघर बच्चा निशक्त बच्चा तथा दुर्बल वर्ग का बच्चा तथा बीपीएल वर्ग का बच्चा प्रवेश को आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट पर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की एक प्रति के साथ निवास प्रमाण पत्र आधारकार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक आदि में से कोई एक होना चाहिए। बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र विकलांग प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से जारी आवेदन के साथ कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बच्चा जिस विद्यालय में प्रवेश चाहता है वह विद्यालय निवास प्रमाण पत्र में अंकित पते से एक किलोमीटर संबंधित वार्ड ग्राम पंचायत की परिधि में होना चाहिए। प्रवेश को शैक्षिक सत्र 2023-24 में कक्षा एक पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। शासनादेश के अनुसार निर्धारित दिशा निर्देश के क्रम में प्रवेश की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। संबंधित शासनादेश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप सर्व शिक्षा अभियान की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

व्यापारियों की एकजुटता से पूरे हुए पचास साल: मुकुन्द मिश्रा

हजारों व्यापारियों ने सम्मेलन में लिया हिस्सा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पचास वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती समारोह में प्रदेश कार्य समिति की बैठक में हजारों की तादाद में व्यापारियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित श्रीजी होटल में प्रदेश भर के व्यापारियों ने जीएसटी छापे एवं जनरल सर्वे के विरोध की समीक्षा कर संगठन में अनुशासन एवं अनुशासन हीनता पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द मिश्रा ने व्यापारियों ने उत्साह भरते हुए कहा कि पचास साल पहले व्यापारियों का कोई मंच नहीं था। व्यापारी आज अपने व्यापार मंडल की ताकत दिखाकर सरकार को मजबूर कर सकता है। सभी व्यापारी किसी न किसी राजनैतिक दलों से जुडे हैं। 24 दिसम्बर को एक साथ प्रदेश के 75 जिलों की 310 तहसीलों में भव्य सम्मेलन किया था। 65 जिलों में जीएसटी छापेमारी के खिलाफ दो सौ विधायकों को ज्ञापन सौंपकर छापेमारी में रोक लगवाई थी। ये सब व्यापारियों की

एकजुटता से सम्भव हो सका है। 13 मार्च को सहारनपुर से व्यापारी स्वाभिमान यात्रा निकल रही है। सभी व्यापारी सहयोग करें। प्रदेश भ्रमण के बाद व्यापारी नेता श्यामबिहारी की जयंती आठ मई को लखनऊ में समापन किया जायेगा। सितम्बर में कानपुर में व्यापारियों का विशाल सम्मेलन होगा। 23-24 दिसम्बर को बरेली में स्वर्ण जयंती वर्ष का समापन होगा। व्यापारी हितों में शहीद व्यापारियों के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा। इसमें 25 हजार व्यापारी शामिल होंगे।

नगर एवं जिला कमेटी का शपथ ग्रहण हुआ। कार्यक्रम में जान फूंकते हुए प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि बनारस में व्यापार मंडल की स्थापना की गई थी। पचास सालों में बहुत संघर्ष झेले हैं। इस मौके पर चेयरमैन महेन्द्र जैन, मुख्य संरक्षक बालकृष्ण अग्रवाल, महामंत्री डॉ दिलीप सेठ, राजेन्द्र गुप्ता, भैरो प्रसाद मिश्रा, आरती दीक्षित, संजीव गुप्ता, रामबाबू कुशवाहा, अशोक कंसल, पंकज अग्रवाल, सुरेश मिश्रा, सुनील द्विवेदी, दिलीप केशरवानी, शिवपूजन गुप्ता, अर्पित जायसवाल, विक्की उर्फ विवेक अग्रवाल, रामनारायण जायसवाल, निशी सोनी, श्रवण साहू, गुलाब गुप्ता, संतोष गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, श्रीराम गुप्ता, महेश जायसवाल, पुरुषोत्तम गुप्ता, प्रकाश केशरवानी, अंकित केशरवानी, पुरु अग्रवाल, राहुल गुप्ता, शुभम केशरवानी, जितेन्द्र जायसवाल आदि मौजूद रहे। बाहर से आये सभी व्यापारियों का आभार जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी व जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता ने जताया।

न्यूज झरोखा

पोर्टेबल स्प्रिंकलर पर सरकार देती है अनुदान: डीएचओ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने जिले में संचालित ड्राप मोर क्राप माइक्रो इरीगेशन के तहत किसानों के बीच पोर्टेबल स्प्रिंकलर बांटे।

गुरुवार को जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने विभागीय निर्देश पर किसानों को पोर्टेबल स्प्रिंकलर बांटते हुए सत्यापन भी किया। उन्होंने किसानों को पोर्टेबल स्प्रिंकलर की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। कहा कि जिले में ज्यादातर किसान सिंचाई में पाइपों का उपयोग करते हैं। इससे पानी व समय दोनों बर्बाद होता है। किसान यदि स्प्रिंकलर का इस्तेमाल करें तो फसल की आवश्यकता के अनुसार पानी मिलता है और समय भी कम लगता है।

उन्होंने कहा कि इससे समय व पानी दोनों की बचत होती है। सरकार ने पोर्टेबल स्प्रिंकलर पर लघु व सीमांत किसानों को 75 फीसदी व अन्य किसानों को 65 फीसदी अनुदान देती है। ये भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस मौके पर सहायक उद्यान निरीक्षक पीयूष कुमार भी मौजूद रहे।

72 घंटे में छह चोरों के कब्जे से साढे 11 लाख पुलिस ने किये बरामद

एसपी ने पुलिस टीम को किया पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से 72 घंटे में छह चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से 11 लाख 35 हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवर तथा रिवाल्वर, तमंचा और कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार का नकद पुरस्कार दिया है। ज्ञात है कि 29 जनवरी की रात राजापुर कस्बे के जितेन्द्र कुमार द्विवेदी पुत्र वीरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी निवासी कस्बा राजापुर के घर में चोरों ने जंगला काटकर 11 लाख 60 हजार रुपये व सोने-चांदी के जेवर आदि चुरा ले गये थे। इस बाबत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि राजापुर थानाध्यक्ष व सर्विलांस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तुलसी स्मारक के अन्दर गेस्ट हाउस के पीछे से बाल अपचारी प्रशान्त

चतुवेर्दी पुत्र विष्णुकान्त चतुवेर्दी निवासी देबिन टोला राजापुर, बाल अपचारी बेटू सोनी उर्फ अनिकेत सोनी पुत्र बब्बू सोनी निवासी सोनरहटी, शीलू सोनकर पुत्र रोशन निवासी भैरमबाबा हनुमानगंज, आकाश सेन उर्फ अर्जुन सेन पुत्र गणेश सेन निवासी गोसाईंपुरवा, रामबाबू मेहतर पुत्र बचानलाल निवासी सरांय तलैया व अर्जुन मेहतर पुत्र धनराज निवासी हनुमान वार्ड एक सभी कस्बा राजापुर को दबोचकर जामा तलाशी में देशी रिवाल्वर, तमंचा, कारतूस समेत सोने-चांदी के जेवर व 11 लाख 25 लाख रुपये बरामद किये। चोरों ने बताया कि एक अगस्त 2022 को रुपौली गांव में हुई चोरी के 3380 रुपये भी बरामद हुए हैं। आरोपियों ने पूंछताछ में बताया कि वे महंगे फैशन के शौकीन हैं। इसीलिए चोरी की घटनायें कर खर्च करते थे। सोने-चांदी के गहनों को राह चलते लोगों को बेंच देते थे।

आरोपियों ने बताया कि राजन नामदेव व दीपक रैकवार चोरी की घटना के बारे में जान गये थे। इसीलिए दोनों की हत्या की योजना भी बना रहे थे। जितेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि वह इंटर कालेज में प्रबंधक व प्रधानाचार्य हैं। बच्चों की फीस के रुपये घर में रखे थे। पुलिस टीम में राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह, दरोगा रामवीर सिंह, दरोगा सूबेदार बिन्द, दरोगा काशीनाथ यादव, दीवान मुकेश सिंह परिहार, सिपाही शुभम त्रिपाठी, उमेन्द्र त्रिपाठी, जितेन्द्र मौर्या व सर्विलांस टीम प्रभारी श्यामप्रताप पटेल, दीवान रईश खान, दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, दीवान प्रदीप द्विवेदी, सिपाही ज्ञानेश मिश्रा व रोहित सिंह शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।

डीएम ने कलेक्टेज्ट-तहसील का निरीक्षण कर पटलों को दुरुस्त करने के दिये निर्देश

इधर-उधर थूंकने पर लगायें जुमार्ना: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट कार्यालय व तहसील कार्यालय कर्वी के विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण कर ईडिस्ट्रिक्ट, न्याय सहायक, अभिलेखागार, डीएलआरसी कक्ष, राजस्व लेखागार, जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि सभी पटलों की अच्छी ढंग से सफाई करवाई जाये। अलमारी आदि पेंट कराकर डस्टबिन रखवाई जाये। सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे।

गुरुवार को उन्होंने निरीक्षण में नाजिर सदर अरुण कुमार शुक्ला को निर्देश दिये कि कलेक्टेज्ट के सभी पटलों को दुरुस्त रखें। एसडीएम रामजन्म यादव से कहा कि घरौनी वरासत, कृषक दुर्घटना बीमा आदि राजस्व की योजनाओं की स्टैंडी बनवाकर लगवाई जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीधर यादव को निर्देश दिये कि अलमारी-मेज की रंगाई-पुताई कराकर अच्छे से सफाई करायें। खराब फोटोकापी मशीन हटवायें। उन्होंने कर्वी, मऊ, राजापुर तथा मानिकपुर तहसील के रखे रिकार्ड को देखा। अभिलेखागार प्रभारी

चुनकावन प्रसाद को निर्देश दिये कि अच्छे से सफाई करके नकल रजिस्टर अपडेट रखें। आयुध सहायक मनोज कुमार मिश्रा से शस्त्र की मंजूरी, नवीनीकरण, आर्म्स रजिस्टर को देखकर न्याय सहायक अवधनारायण को निर्देश दिये कि गार्ड फाइल अवश्य बनाई जाये। शस्त्र, खाद्य सुरक्षा, धारा 51, जिला बदर, गुंडा नियंत्रण, फौजदारी आदि की निर्णित पत्रावली का सही से रख-रखाव किया जाये। सम्पूर्ण विवरण अभिलेखागार के बाहर प्रदर्शित किया जाये। डीएलआरसी कक्ष में सामान्य लिपिक जेपी पाण्डेय को निर्देश दिये कि भू-लेख पत्रावलियों को तत्काल मंगाकर रखा जाये।

उन्होंने तहसील कर्वी का औचक निरीक्षण कर एसडीएम राजबहादुर से कहा कि तहसील कार्यालय की रंगाई-पुताई कराकर पटलवार पदवार कार्य दिखाये जायें। सभी रिकार्ड दुरुस्त रहें, किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने एसडीएम न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय, न्यायिक तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, सभागार कक्ष, राज्य कर्मचारी कल्याण निगम आदि का निरीक्षण कर एसडीएम व तहसीलदार से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में मिली समस्याओं को तत्काल शासन की मंशानुसार निस्तारण किया जाये। इधर-उधर लोगों को थूंकते मिलने पर जुमार्ना लगाया जाये। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी कुवर बहादुर सिंह, एएसडीएम रामजन्म यादव, एसडीएम सदर राजबहादुर, तहसीलदार कर्वी राकेश पाठक, नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्रा समेत संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

महामति प्राणनाथ महाविद्यालय की अध्यक्ष डॉ उमा जायसवाल व प्रबंधक सुन्दरलाल सुमन चुने गये

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। महामति प्राणनाथ महाविद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी से नियुक्त पर्यवेक्षक प्रो वीके सिंह की देखरेख में चुनाव अधिकारी केएन सिंह एड एवं सहायक चुनाव अधिकारी अनिल कुमार एड की मौजूदगी में हुए।

गुरुवार को महामति प्राणनाथ महाविद्यालय के चुनाव के पहले दौर में 17 नामांकन पत्र भरे गये।

आपसी निर्णय के बाद चार नामांकन पत्र वापस हुए। वैधानिक ढंग से 13 सदस्यों की समिति निर्विरोध निर्वाचित हुई। कार्यकारिणी के चुनाव के बाद पुराने अध्यक्ष की जगह नये अध्यक्ष के रुप में डॉ उमा जायसवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। महाविद्यालय के पूर्व प्रबंधक सुन्दरलाल सुमन पुनः प्रबंधक चुन लिए गये।

अन्य पदाधिकारियों में मोहन प्रियाचार्य, कुंवर बीएम सिंह उपाध्यक्ष, बोधनलाल गुप्ता उपप्रबंधक, भैरो प्रसाद रस्तोगी पुनः कोषाध्यक्ष चुने गये। आजीवन सदस्य महाविद्यालय के कर्मचारीगण, चुनाव अधिकारी, पर्यवेक्षक का आभार सुन्दरलाल सुमन ने जताया। कहा कि नई समिति पूरे जोश के साथ काम करेगी।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव: मतगणना शुरू

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के हुए चुनाव की मतगणना गुरुवार को मतपत्रों की छटाई के बाद शुरू हो गई। पहले दिन की मतगणना में अध्यक्ष पद पर अशोक सिंह और महासचिव पद पर नितिन शर्मा आगे चल रहे हैं। इसके पहले लाइब्रेरी हाल में मतपत्रों की छटाई की गई। पहले चरण में अध्यक्ष और महासचिव पद पर मतों की गिनती का काम शुरू किया गया है।

अमेरिकी सीनेटरों ने बीजिंग यात्रा से पहले ब्लिंकेन को लिखा पत्र, कहा- भारत, ताइवान के खिलाफ चीन की आक्रामकता 'अस्वीकार्य'

फ्लोरिडा। फ्लोरिडा के मार्को रुबियो के नेतृत्व में रिपब्लिकन सीनेटरों ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को ताइवान और भारत के खिलाफ चीन की आक्रामक आक्रामकता के बारे में पत्र लिखा है। पत्र ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन को भी संबोधित किया गया था, जो ब्लिंकन के साथ बीजिंग जाने के लिए तैयार हैं। ब्लिंकन 2018 के बाद से बीजिंग का दौरा करने वाले पहले शीर्ष अमेरिकी राजनयिक होंगे। पत्र के अनुसार रिपब्लिकन सांसदों ने ब्लिंकेन और येलेन से चीनी नेतृत्व को यह बताने का आग्रह किया है कि हिमालय में ताइवान और भारत के खिलाफ उसकी आक्रामकता पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इसके अलावा, सीनेटरों ने दोनों नेताओं से आग्रह किया है कि वे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) को रोकें और सीसीपी को उसके इंडो-पैसिफिक में घोर मानवाधिकारों के हनन, अनुचित व्यापार प्रथाओं, फेंटेनाइल संकट में अग्रणी भूमिका और सहयोगियों और भागीदारों के प्रति आक्रामकता के लिए जवाबदेह ठहराएं।

चीन के खिलाफ मुद्दा

भारत, अमेरिका और कई अन्य विश्व शक्तियां संसाधन संपन्न क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य पैंतरेबाज़ी की पृष्ठभूमि के खिलाफ एक स्वतंत्र, खुले और संपन्न हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। चीन ताइवान, फिलीपींस, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम के माध्यम से लगभग सभी विवादित दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। चीन का पूर्वी चीन सागर में जापान के साथ क्षेत्रीय विवाद भी है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पेशावर में आतंकवादी हमले की निंदा की

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पाकिस्तान के पेशावर की एक मस्जिद में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि अमेरिका हर तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए पाकिस्तान के साथ ''खड़ा'' है। ब्लिंकन ने एक बयान में कहा, ''अमेरिका 30 जनवरी को पेशावर के पुलिस लाइंस जिले की एक मस्जिद में हुए बम विस्फोट की कड़ी निंदा करता है।'' ब्लिंकन ने कहा, ''हम आतंकवाद के इस मूर्खतापूर्ण कृत्य के कारण अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।''पाकिस्तान में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में खचाखच भरी एक मस्जिद में सोमवार को दोपहर की नमाज की दौरान एक तालिबानी आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोट कर खुद को उड़ा लेने से 101 लोगों की मौत हो गयी जबकि 200 से अधिक अन्य घायल हो गये। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

इज़राइली विमानों ने हमास के एक ठिकाने को बनाया निशाना, किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं

तेल अवीव। इज़राइली विमानों ने बृहस्पतिवार को गाजा पट्टी में एक उग्रवादी ठिकाने को निशाना बनाया। फलस्तीनी उग्रवादियों के इज़राइल के दक्षिण में एक रॉकेट दागने के कुछ घंटे बाद यह कार्रवाई की गई। इज़राइल की सेना ने यह जानकारी दी। इज़राइल की सेना ने कहा कि हवाई हमलों में उग्रवादी समूह हमास की एक 'रॉकेट निर्माण कार्यशाला' (गाजा नियंत्रित इलाके में) को निशाना बनाया गया। वहां कच्चे रासायनिक पदार्थ का भंडारण किया जाता था। किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है।

सेना ने बताया कि इससे पहले इज़राइल की वायु रक्षा प्रणाली ने बुधवार देर रात गाजा की ओर से दागे गए एक रॉकेट को मार गिराया था।वेस्ट बैंक में एक सैन्य अभियान में पिछले सप्ताह 10 फलस्तीनियों को मार गिराने के बाद, गाजा उग्रवादियों और इज़राइल ने पिछले सप्ताह रॉकेट तथा हवाई हमलों को अंजाम दिया जिससे इलाके में कई महीनों से कायम शांति एक बार फिर भंग हो गई थी। इज़राइल में स्थानीय लोगों ने विस्फोटों की आवाज सुनने की बात कही। इज़राइल की राहत कार्य सेवा के अनुसार, उसे 50 वर्षीय महिला के अलावा किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है। महिला एक आश्रय की तरफ जाते समय फिसल कर गिर गई थी। हमास ने राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर के आक्रामक रुख को लेकर इज़राइल को धमकी दी थी, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई। बेन ने इज़राइल के जेलों में बंद फलस्तीनियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का वादा किया था।

ब्लिंकन से मिले डोभाल, वैश्विक चुनौतियों से निपटने को बढ़ रहा भारत-अमेरिका सहयोग

-भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व अमेरिकी विदेश मंत्री की वार्ता

-द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने को दोनों देश प्रतिबद्ध

वाशिंगटन। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने अपनी अमेरिका यात्रा में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की है। इस मुलाकात में कहा गया कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत-अमेरिका सहयोग बढ़ रहा है। दोनों नेताओं ने कहा कि द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने के लिए दोनों देश प्रतिबद्ध हैं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल इस समय एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका

दौरे पर हैं। इस दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ उनकी मुलाकात में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों के विविध आयामों पर वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद ब्लिंकन ने ट्वीट कर कहा कि अमेरिका वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। उन्होंने ट्वीट में कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर चर्चा करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ उनकी अच्छी बैठक हुई है।

ब्लिंकन व डोभाल के बीच बैठक को लेकर भारतीय दूतावास ने भी एक ट्वीट किया। भारतीय दूतावास की ओर से किये गए ट्वीट में कहा गया कि दोनों पक्षों ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर भी व विचार विमर्श हुआ।

राष्ट्रपति बाइडेन के घर एफबीआई की तलाशी, नहीं मिला गोपनीय दस्तावेज

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के रेहोबोथ बीच, डेलवेयर स्थित आवास पर संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने गोपनीय दस्तावेज की जांच को लेकर तलाशी ली। हालांकि एफबीआई को खाली हाथ लौटना पड़ा। बाइडेन के निजी वकील बॉब बाउर के मुताबिक एफबीआई हस्तलिखित नोट अपने साथ ले गई। उनके मुताबिक राष्ट्रपति ने जांच को लेकर न्याय विभाग को अपनी स्वेच्छा से उनके आवास की तलाशी लेने को कहा। यह तलाशी सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर तक की गई जिसमें कोई भी गोपनीय दस्तावेज नहीं पाया गया। उल्लेखनीय है कि एफबीआई ने इससे तलाशी से पहले 20 जनवरी को भी विलमिंग्टन और डेलावेयर स्थित बाइडेन के घर की तलाशी ली थी। इस दौरान कई गोपनीय दस्तावेज मिलने की बात सामने आई थी। ये गोपनीय दस्तावेज उस समय के हैं जब बाइडेन अमेरिका के उपराष्ट्रपति थे। उनपर यह आरोप है कि पद छोड़ते समय कई गोपनीय दस्तावेज वे अपने साथ ले गए थे। इसी मामले की जांच चल रही है।

इमरान के करीबियों पर गाजः पाकिस्तान के पूर्व गृह मंत्री शेख राशिद गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबियों पर गाज गिराने का सिलसिला थम नहीं रहा है। इमरान सरकार में सूचना मंत्री रहे फवाद चौधरी के बाद अब पूर्व गृह मंत्री शेख राशिद को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह भी संयोग है कि राशिद की गिरफ्तारी फवाद की जमानत मंजूर होने के तुरंत बाद हुई है।

पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार गिरने के बाद बनी शहबाज शरीफ सरकार और इमरान के बीच चल रही खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है। अब इस्लामाबाद पुलिस ने पाकिस्तान के पूर्व गृह मंत्री शेख राशिद को गिरफ्तार किया है। उनके साथ उनके भतीजे शफीक को भी गिरफ्तार किया है। इस्लामाबाद पुलिस ने मरी मोटर वे से राशिद व शफीक की गिरफ्तारी की बात कही है, वहीं राशिद का दावा है कि उन्हें रावलपिंडी स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया है।



अवामी मुस्लिम लीग के मुखिया शेख राशिद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी माने जाते हैं। इमरान खान के प्रधानमंत्री रहते शेख राशिद पाकिस्तान के गृहमंत्री थे।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता राजा इनायत उर रहमान ने इस्लामाबाद के आबपारा पुलिस थाने में शेख राशिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें शेख राशिद पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी की। आरोप के मुताबिक राशिद ने कहा था कि जरदारी ने भ्रष्टाचार से बहुत पैसा कमाया है और इस पैसे से इमरान खान को मारने की साजिश रची है। शेख राशिद का कहना है कि इमरान खान के साथ खड़े होने के कारण पाकिस्तान के मौजूदा गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह के कहने पर उनकी गिरफ्तारी की गयी है। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शेख राशिद की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए सड़क पर उतरने की धमकी दी है।

अमेरिका में बर्फीले तूफान से विमान सेवाएं प्रभावित, 1400 से अधिक उड़ानें रद्द

वॉशिंगटन। अमेरिका में बर्फीले तूफान के चलते विमान सेवाएं प्रभावित हुईं हैं। इस वजह से 1400 से अधिक उड़ानों को रद्द किया गया। टेक्सास से वेस्ट वर्जीनिया तक बर्फ की सफेद मोटी चादर बिछ गई है। तूफान की चपेट में आने के बाद एयरलाइंस ने अमेरिका में करीब 1467 उड़ानों को रद्द करने का फैसला लिया है।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट अवेयर के मुताबिक, अमेरिका आने जाने वाली कुल 1467 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। जबकि 527 उड़ानों में देरी हुई। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने मंगलवार को एक ट्वीट में चेतावनी दी थी कि यात्री डलास, फोर्ट वर्थ और मेम्फिस सहित कई क्षेत्रों में बर्फीला तूफान देख सकते हैं। ऐसे में कई उड़ानों में देरी की संभावना है।

यूएस नेशनल वेदर सर्विस ने

पूर्वानुमान में गुरुवार तक बर्फीले तूफाने की आशंका जताई। वेदर सर्विस ने कहा कि कम से कम गुरुवार की सुबह तक बर्फीला तूफान उत्तर और मध्य टेक्सास में खतरनाक प्रभाव डालता रहेगा। लो-कॉस्ट कैरियर साउथवेस्ट एयरलाइंस कंपनी ने 487 उड़ानें रद्द कीं, जबकि अमेरिकन एयरलाइंस ग्रुप इंक ने तकरीबन 480 उड़ानें रद्द कीं।

गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार को 1,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने की बात सामने आई थी। अमेरिका में बर्फीले तूफान की वजह से विमान सेवा काफी हद तक प्रभावित हुई है। तूफान के कारण अमेरिका में 1,000 से अधिक उड़ानों पर बुरा असर पड़ा है।

इमरान के करीबी व पूर्व मंत्री फवाद चौधरी की जमानत मंजूर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी पूर्व मंत्री फवाद चौधरी की जमानत मंजूर हो गयी है। चुनाव आयोग को धमकी देने के मामले में जेल भेजे गए फवाद चौधरी की जमानत मंजूर होने को उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इंसाफ की जीत करार दिया है।

चुनाव आयोग को धमकी देने के मामले में पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को पिछले सप्ताह गिरफ्तार कर लिया गया था। फवाद चौधरी ने बीते दिनों चुनाव आयोग को खुलेआम धमकी दी थी।

जिसके बाद पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के कोहसर थाने में फवाद चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। फवाद इमरान खान की सरकार में पाकिस्तान के सूचना मंत्री रह चुके हैं। फवाद चौधरी को लाहौर

से गिरफ्तार किया गया और पुलिस ने रिमांड लेकर पूछताछ की थी।

पुलिस फवाद चौधरी को दो बार रिमांड पर ले चुकी थी। इस्लामाबाद की एक अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट वकास अहमद राजा के समक्ष पुलिस ने तीसरी बार रिमांड की मांग की थी। मंगलवार को न्यायालय ने पुलिस की मांग खारिज करते हुए फवाद चौधरी को जेल भेजने का आदेश दिया। फवाद को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। न्यायालय द्वारा रिमांड की पुलिस की मांग ठुकराए जाने के बाद फवाद की नियमित जमानत पर फैसला आना था। न्यायालय से फवाद को जमानत मिल गयी।

ओमाहा पुलिस ने 'टार्गेट स्टोर' में हथियारबंद व्यक्ति को मार डाला

ओमाहा। ओमाहा के एक 'टार्गेट स्टोर' में दोपहर में एआर-15 राइफल और दर्जनों मैग्जीन लेकर पहुंचे एक शख्स ने गोलीबारी की जिससे स्टोर में अफरातफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए वहां से भागने लगे। घटना के बाद मौके पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर शख्स को गोली मार दी। घटना में स्टोर के किसी कर्मचारी या वहां मौजूद लोगों के घायल होने की जानकारी नहीं है। ओमाहा के पुलिस प्रमुख टॉड श्माडेरर ने कहा कि करीब 30 वर्षीय श्वेत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।उसने स्टोर में प्रवेश करते ही कई गोलियां चलाईं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उसने किसी व्यक्ति पर गोली चलाई थी या नहीं। गोलीबारी की आवाज सुनते ही स्टोर में मौजूद कर्मचारी और ग्राहक जान बचाने के लिये यहां-वहां भागने लगे। शहर के पुलिस प्रमुख ने कहा कि दोपहर के आसपास आपातकालीन नंबर 911 पर कम से कम 29 फोन कॉल मिले। उन्होंने कहा कि कुछ ही मिनटों के अंदर सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंच गए। श्माडेरर ने कहा, अधिकारी इमारत में गए, संदिग्ध को देखते ही उन्होंने उसे गोली मार दी।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के एक साल पूरा होने पर जंग और तेज होने के आसार

कीव। यूक्रेन-रूस के बीच जारी संघर्ष के करीब एक साल पूरे से पहले एक बार जंग और तेज होने के आसार हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। रूस ने पूर्वी यूक्रेन के लुहांस्क रीजन में सेना की तैयारियों को बढ़ा दिया है। क्रेमलिन की ओर से कहा गया कि अगर अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी की गतिविधियों की जानकारी न मिल सके। हैदेई ने कहा कि रूसी

सेना की बढ़ती गतिविधियां संकेत दे रही हैं कि वे फरवरी में पूर्वी मोर्चे पर खास तैयारी में हैं। यूक्रेन सेना के जनरल स्टाफ ने रिपोर्ट दी कि रूस ने पड़ोसी डोनेस्क प्रांत में खासतौर पर बाखमुट के आसपास अपनी गतिविधियां केंद्रित कर रखी हैं। बाखमुट में रूसी सेना की गोलाबारी के चलते ज्यादातर निवासी पलायित हो गए हैं या शेल्टर में रह रहे हैं। वही, नाटो महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने टोक्यो में हिंदू-प्रशांत क्षेत्र में गठबंधन को और मित्र मिलने की उम्मीद जताई है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से वार्ता की कोई योजना नहीं है। माना जा रहा है कि यूक्रेन को अमेरिका के 2.2 अरब डालर के सैन्य पैकेज में लंबी दूरी के राकेट शामिल होंगे। वहीं, क्रेमलिन ने रूसी कंपनी के पश्चिमी टैंक नष्ट करने पर सैनिकों को बाउंटी पेमेंट यानी इनाम की घोषणा का स्वागत किया है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिति पर जताई चिंता

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की खराब आर्थिक हालत के बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चिंता बढ़ा दी है। आईएमएफ ने पाकिस्तान की राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई है। इसके चलते नकदी के संकट से जूझ रही शहबाज शरीफ सरकार के कड़े आर्थिक फैसलों का विरोधी दल राजनीतिक लाभ उठाने के लिए विरोध कर सकते हैं। यह आशंका आईएमएफ के मिशन चीफ नाथन पोर्टर के नेतृत्व में पाकिस्तान आए दल की मंगलवार को वित्त मंत्री इशाक डार के साथ बैठक के दौरान पैदा हुई। हालांकि, डार ने आईएमएफ दल को आश्वस्त किया कि सरकार राजनीतिक दलों से बातचीत करके कड़े निर्णयों का विरोध न करने के लिए उन्हें

सहमत कर लेगी। आईएमएफ का दल 10 दिन तक पाकिस्तान में रहकर कर्ज देने की स्थितियों की समीक्षा करेगा, वह देखेगा कि पाकिस्तान सरकार किस तरह से देश की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकती है। इस दल की रिपोर्ट के बाद ही आईएमएफ कर्ज की 1.18 अरब डालर की पहली किस्त जारी करेगा।

बता दें कि आईएमएफ ने पाकिस्तान सरकार के साथ सात अरब डालर का कर्ज देने का समझौता किया है, लेकिन यह कर्ज पाने के लिए सरकार को आर्थिक दशा सुधारने के लिए कड़े निर्णय लेने होंगे। चीन और सऊदी अरब से कर्ज न मिलने पर ही पाकिस्तान सरकार 2019 में आईएमएफ से हुए समझौते को लागू करने के लिए तैयार हुई है।

आईएमएफ के दिशा-निर्देशों के अनुसार, पाकिस्तान सरकार जल्द ही कुछ वर्गों को मिलने वाली बिजली बिलों में छूट की सुविधा को खत्म कर सकती है। पाकिस्तान के निर्यात करने वाली उद्योगों को भी यह छूट मिलती है। इसके अतिरिक्त सरकार और सेना के अनावश्यक खर्चों में भी कटौती की जा सकती है।

सराफा बाजार: नई ऊंचाई पर सोना, चांदी भी 71 हजार के पार

नई दिल्ली। कल पेश हुए आम बजट से भारतीय सराफा बाजार को जबरदस्त उत्साह मिला है। बजट के अगले दिन ही घरेलू सराफा बाजार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने लंबी छलांग लगाई। सोना आज 779 रुपये उछलकर 59 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंचता नजर आया। वहीं चांदी 1,805 रुपये की तेजी के साथ 71 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गया। आज की तेजी के बाद सोना ने एक बार फिर तेजी का नया रिकॉर्ड कायम कर लिया है। कल सोने का आखिरी बंद भाव 57,910 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। लेकिन आज की तेजी के बाद सोना 58,689 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। सोने की अलग अलग श्रेणियों में आज 779 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 456 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक घरेलू सराफा बाजार में आज कारोबारी यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 779 रुपये की तेजी के साथ चढ़ कर 58,689 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत 776 रुपये की उछाल के साथ 58,454 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जबकि जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 713 रुपये प्रति 10 ग्राम की मजबूती आई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 53,759 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 584 रुपये तेज होकर 44,017 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 456 रुपये महंगा होकर 34,333 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमत के साथ ही चांदी की कीमत में भी आज जोरदार तेजी दर्ज की गई। इस चमकीली धातु ने आज जबरदस्त छलांग लगाते हुए 71 हजार रुपये के स्तर को पार कर लिया। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत 1,805 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती के साथ उछल कर 70 हजार रुपये के रेसिस्टेंस को तोड़ते हुए 71 हजार रुपये के स्तर से ऊपर चली गई। आज की उछाल के बाद इस चमकीली धातु की कीमत 71,250 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।